चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 281 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

08 अप्रैल 2025 मंगलवार


बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

39 अधिकतम

20 न्यूनतम



### शाह के समक्ष एनडीडीबी के हवाले होंगे मध्यप्रदेश के दुग्ध संघ

# श्वेत क्रांति के लिए 13 से ठोस कदम, गाय आहार अनुदान बढ़ेगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में आज मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता व गृह मंत्री अमित शाह की आगामी यात्रा की जानकारी मंत्रियों को दी। आज कैबिनेट गायों पर अनुदान को बीस से बढ़ाकर चालीस रूपये करने, नगरीय क्षेत्रों में जल आपूर्ति और वन परिक्षेत्र से जुड़े प्रस्ताव के साथ ही अबर्न ट्रांसपोर्ट पालिसी पर विचार कर रही है।

सरकार का मानना है कि गायों के आहार के लिए 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये अनुदान देने से आहार की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। कैबिनेट बैठक के विषयों पर चर्चा से पहले यादव ने मंत्रियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को अशोक नगर जिले में स्थित श्रीआनंदपुर ट्रस्ट आश्रम में आ रहे हैं। जबकि केंद्रीय गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह का भोपाल आगमन 13 अप्रैल को होगा।

शाह की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और राज्य शासन व दुग्ध संघों के बीच रविंद्र भवन में अनुबंध पर हस्ताक्षर होंगे, साथ ही प्रदेश में जारी सहकारिता गतिविधियों की समीक्षा भी की जाएगी । यादव ने बताया कि भारत सरकार की ओर से प्रदेश को 4हजार करोड़ से अधिक की सौगातें मिली हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के अंतर्गत चार कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत 1426 करोड़ की लागत से बनने वाला 28.5 किलोमीटर लंबा ग्वालियर पश्चिमी बाईपास, और 688 करोड़ की लागत से बनने वाला सागर बाईपास शामिल है। मुख्यमंत्री ने 12- 13- 14 अप्रैल को दिल्ली में लाल किले पर सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति के बारे में भी मंत्रियों को अवगत कराया। वक्फ कानून के बाद-हाल में केंद्र सरकार के वक्फ संपत्तियों को लेकर नया कानून बनाए जाने के बाद अब मध्यप्रदेश सरकार भी इन संपत्तियों के सर्वे और उन पर अवैध कब्जों के मामलों में तेजी से कार्रवाई करेगी।

कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री व मंत्रियों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। बैठक में कलेक्टरों से वक्फ प्रॉपर्टी पर अवैध कब्जे की रिपोर्ट जल्द तैयार करने के संबंध में भी फैसला होना तय माना जा रहा है।

## सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपालक सम्मेलन, बड़ी बेहतरी की आस

प्रदेश के 6 सहकारी दुग्ध संघ और 6 हजार सहकारी दुग्ध उत्पादन समितियों के टेकओवर की घड़ी को यादगार भी बनाने के प्रयास चल रहे हैं। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड इन्हें 5 साल के लिए टेकओवर करने वाला है। इस दिन सहकारी दुग्ध उत्पादक सम्मेलन भी होगा। इसी सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बीती रात सीएम यादव ने मंत्रालय में समीक्षा बैठक की है। सरकार कुछ महीने पहले ही दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन के मध्य सहकार्यता अनुबंध के माध्यम से किसानों और पशुपालकों की जिंदगी बदलने का निर्णय ले चुकी है। सीएम ने कहा है कि किसानों को दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। श्वेत क्रांति मिशन के तहत प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट, चिलिंग सेंटर की संख्या बढ़ाकर और दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता का विस्तार कर किसानों की आय में वृद्धि का कार्य किया जाएगा। डेयरी विकास बोर्ड सहकारी दुग्ध संघों व दुग्ध उत्पादन समितियों की संख्या बढ़ाएगा। प्रदेश के सहकारी सांची ब्रांड का विस्तार विदेशों तक करेगा। नए संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

# शेयर बाजार की सांसें लौटीं 1200 अंक भागा सेंसेक्स

**मुंबई/दिल्ली, एजेंसी**

कल की बड़ी गिरावट के बाद आज शेयर बाजार में तेजी है। सेंसेक्स करीब 1200 अंक चढ़कर 74,300 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 400 अंक की तेजी है, ये 22,550 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में बढ़त है। मेटल और ऑटो शेयर्स में ज्यादा तेजी है।बाजार के चढ़कर खुलने के 3 कारण माने जा रहे हैं। दरअसल एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई इंडेक्स करीब 6 फीसदी चढ़कर कारोबार कर रहा है। वहीं हॉन्गकॉन्ग के इंडेक्स में 2त्न की तेजी है। निफ्टी 50 और सेंसेक्स के चार्ट ओवरसोल्ड आरएसआई लेवल दिखा रहे हैं। इससे शॉर्ट-कवरिंग और नई खरीदारी की उम्मीद की जा रही है।

**एशिया के बाजार भी सुधरे**

### अमेरिकी बाजार में 1 फीसद गिरावट

7 अप्रैल को अमेरिका का डाउ जोन्स 349 अंक गिरकर 37,965 पर बंद हुआ। एसएंडपी इंडेक्स में 0.23 फीसदी की गिरावट रही। नैस्डेक कंपोजिट 0.09 फीसदी चढ़ा था। जापान के निक्केई में 7.83 फीसदी, कोरिया के कोस्पी इंडेक्स में 5.57 फीसदी, चीन का शंघाई इंडेक्स 7.34 फीसदी गिरा है। हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 13.22 फीसदी की गिरावट रही थी। यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स इंडेक्स 4.26 फीसदी गिरकर बंद हुआ। यूके के FTSE 100 इंडेक्स में 4.38 फीसदी और स्पेन का IBEX 35 इंडेक्स 5.12 फीसदी गिरकर बंद हुआ था।

### अमेरिका ने फिर चीन को दी धमकी

इधर अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर ट्रेड वॉर की संभावना बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प फिर कह रहे हैं कि चीन ने अमेरिका पर लगाया गया 34 फीसदी टैरिफ वापस नहीं लिया तो बुधवार से उस पर 50 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। वहीं चीन ने कह दिया है कि यह धमकी देकर अमेरिका गलती पर गलती कर रहा है। इस धमकी से अमेरिका का ब्लैकमेलिंग करने वाला रवैया सामने आ रहा है। चीन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा।

## आज से कांग्रेस का अहमदाबाद डेरा

**अहमदाबाद।** कांग्रेस का 84वां अधिवेशन आज से अहमदाबाद में शुरू हो रहा है। यह दो दिन चलेगा। गुजरात में 64 साल बाद पार्टी यह कार्यक्रम कर रही है। इससे पहले 1961 में भावनगर में अधिवेशन हुआ था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी सुबह अहमदाबाद पहुंचें। यह दोनों नेता एअर इंडिया की लंदन फ्लाइट में बम की अफवाह के चलते देरी से पहुंच सके। दोनों आज कांग्रेस वर्किंग कमेटी बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद शाम को साबरमती आश्रम जाएंगे। कल मुख्य अधिवेशन होगा, जिसमें देशभर से 1700 से अधिक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह साबरमती रिवर फ्रंट पर होगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को 10 बिल रोकने पर दी हिदायत


**चेन्नैई।** तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि के दस विधेयकों पर सहमति रोकने के फैसले को अवैध बताया है। अदालत ने राज्यपाल के फैसले को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला स्टालिन सरकार के लिए बड़ी जीत है। बता दें कि राज्य विधानसभा द्वारा पास किए गए कई विधेयकों को राज्यपाल ने मंजूरी नहीं दी थी। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसमें राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति से जुड़े विधेयक भी शामिल थे। कोर्ट ने कहा कि ये सभी 10 विधेयक राज्यपाल के पास दोबारा भेजे जाने की तारीख से ही मान्य माने जाएंगे।

## आज से लू की एंट्री

**नई दिल्ली/भोपाल दोपहर मेट्रो।** देश के उत्तर-पश्चिम राज्यों में भीषण गर्मी दौर शुरू हो चुका है और आज से कई राज्यों में लू की भी एंट्री होने वाली है। कई शहरों का तापमान 40 डिग्री पार हो चुका है। मौसम विभाग ने राजस्थान, मप्र, गुजरात समेत 9 राज्यों में लू और गर्मी का अलर्ट जारी किया है। वहीं, नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 13 राज्यों में आंधी-बारिश की आशंका जताई है।

### मुद्रा योजना के 10 साल पूरे होने पर युवाओं से चर्चा

# वित्त मंत्री से बोल दूंगा तो इनकम टैक्स वाले नहीं आएंगे : पीएम मोदी



**नईदिल्ली, एजेंसी**

आज मुद्रा योजना के 10 साल पूरा होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना के लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान कुछ ऐसे मौके भी आए, जब पीएम मोदी ने मजाकिया अंदाज में लोगों से संवाद किया। प्रधानमंत्री आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि यह योजना मोदी के लिए नहीं है। यह जरूरतमंदों के लिए है। भारत के लोगों के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। लाभार्थियों की यात्रा प्रेरणादायक है। यह योजना नौजवानों के लिए है। इस दौरान पीएम मोदी ने एक लाभार्थी से पूछा कि फिलहाल आपकी आय कितनी है? इस पर उस शख्स की झिझक देखते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वित्त मंत्री मेरे बगल में बैठे हैं, उन्हें बोल दूंगा इनकम टैक्स वाले नहीं आएंगे। इस पर सभी ठहाका लगाकर हंसने लगे। गौरतलब है कि मुद्रा योजना की शुरुआत आठ अप्रैल 2015 को हुई थी. इससे हर साल मुद्रा योजना 5.14 करोड़ रोजगार का सृजन हुआ है। इस योजना के तहत सरकार ने दस साल में 53 लाख करोड़ का लोन दिया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट कर बताया कि मुद्रा योजना के 10 साल पूरा होने के मौके पर मैंने देशभर से मुद्रा लाभार्थियों को अपने निवास पर आमंत्रित किया था. लाभार्थियों ने हमें बताया कि किस तरह यह योजना उनके जीवन में बदलाव लेकर आई है।

# फैक्ट्री मालिक का सड़कों पर उत्पात, 7 को कुचला

**जयपुर, एजेंसी**

बीती रात जयपुर की सड़कों पर कोहराम मचा रहा। नशे में धुत एक ड्राइवर अपनी तेज रफ्तार एसयूपी से सामने जो आया, उसे कुचलता रहा। करीब 7 किलोमीटर तक ये नशेड़ी सड़क पर चलने वाले वाहनों और पैदल यात्रियों को रौंदता रहा। इसमें तीन लोगों की मौत हो गईझ और 5 की हालत गंभीर है। पुलिस के अनुसार सबसे पहले आरोपी फैक्ट्री मालिक उस्मान खान ने एमआई रोड पर वाहनों को टक्कर मारी। इसके बाद ये शहर की तंग गलियों में घुस गया। सबसे ज्यादा कहर इसने नाहरगढ़ रोड पर बरपाया, जहां इसने कई वाहनों को



जबरदस्त टक्कर मारी। हालांकि गली संकरी होने की वजह से यह बाहर नहीं निकल पाया और आगे खड़ी पुलिस की पीसीआर ने इसे रोक लिया। आरोपी ड्राइवर ने सबसे ज्यादा टक्कर 500 मीटर के एरिया में मारी। नाहरगढ़ थाना इलाके में संतोषी माता के मंदिर के पास इसने सबसे पहले स्कूटी को टक्कर मारी, इसके बाद बाइक को टक्कर मारकर तेज रफ्तार में गाड़ी दौड़ाई, इतना ही नहीं आरोपी ने थाने के बाहर खड़ी गाड़ियों को भी टक्कर मार दी।

**दुल्हन की मौत:** उधर बिहार के वैशाली जिले में अलग अलग सड़क हादसों में कई जानें गई। पहली घटना जंदाहा-समस्तीपुर हाइवे पर हुई। इसमें नई दुल्हन समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आज सुबह यह सभी लोग शादी से कार से लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। इसमें नवविवाहिता भी है।

## सत्ताधारी भाजपा को कांग्रेस व आप से 6 गुना ज्यादा चंदा

**एडीआर की रिपोर्ट**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानि एडीआर ने कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 में नेशनल पार्टियों को 20,000 से ज्यादा के चंदों में सबसे ज्यादा भाजपा को को मिला। यह कांग्रेस, आम आदमी पार्टी नेशनल पीपुल्स पार्टी और माकपा को मिले कुल चंदे से 6 गुना ज्यादा है। रिपोर्ट में चुनाव आयोग के आंकड़ों का एनालिसिस किया गया है और बताया गया है कि देश की 6 नेशनल पार्टियों को 2,544.28 करोड़ के चंदे की जानकारी दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल 3755 डोनेशन कॉरपोरेट या बिजनेस सेक्टर की तरफ से किए गए, जिनकी कुल रकम 2,262.5 करोड़ रही। यह कुल चंदे का 88.9त्न हिस्सा है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी को कॉरपोरेट सेक्टर से कुल 3,478 डोनेशन के जरिए 2,064.58 करोड़ मिले। इसके अलावा 4,628 आम लोगों ने पार्टी को 169.12 करोड़ का चंदा दिया। वहीं कांग्रेस को 190.3 करोड़ कॉरपोरेट डोनेशन और 90.89 करोड़ आम लोगों से चंदा मिला। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिर्फ कॉरपोरेट डोनेशन के मामले में भी बीजेपी को बाकी सभी नेशनल पार्टियों के मुकाबले 9 गुना ज्यादा रकम मिली। चुनाव आयोग ने 14 मार्च, 2024 को भी इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा अपनी वेबसाइट पर जारी किया था। इसमें भाजपा सबसे ज्यादा चंदा लेने वाली पार्टी थी।


**मेट्रो एंकर**

### अगले महीने होगी प्राण-प्रतिष्ठा, फिर पूर्ण हो जाएगा राममंदिर का निर्माण

# अब अयोध्या में राम दरबार, एक और भव्य आयोजन की तैयारी

**अयोध्या, एजेंसी**

अब लगभग सवा साल बाद अयोध्या के राम मंदिर में अगले महीने एक और प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने वाला है। इस बार भगवान राम को राजा के रूप में स्थापित किया जाएगा। इसके बाद इस महीने के अंत में मंदिर की पहली मंजिल पर राम दरबार या शाही दरबार की स्थापना की जाएगी। इस समारोह की तैयारी चल रही है। करीब सवा साल पहले यहां रामलला की प्राणप्रतिष्ठा की गई थी। अब बताया जा रहा है कि आगामी कार्यक्रम पिछले भव्य कार्यक्रम की तुलना में थोड़ा छोटा होगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए थे। आठ हजार से ज्यादा लोगों को न्योता दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब एक तरह से यह आयोजन राम मंदिर निर्माण का समापन समारोह भी होगा।



दरअसल, 2020 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से मंदिर निर्माण चल रहा है। वर्तमान में मंदिर निर्माण समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा कर रहे हैं। मिश्रा ने हाल ही में कहा था कि मंदिर परिसर का निर्माण इस महीने के अंत तक पूरा हो जाएगा, जबकि परकोटा या परिसर की दीवार पर शेष काम इस साल के अंत से पहले पूरा हो जाएगा। मंदिर में लगभग 20,000 घन फुट पत्थर अभी तक नहीं रखा गया है। मंदिर में जो भी मूर्तियां प्राचीर के बाहर या अंदर हैं, वे 30 अप्रैल तक यहां होंगी और उनमें से लगभग सभी को 25 मार्च से 15 अप्रैल के बीच स्थापित किया जाएगा। जब पिछले साल प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया था, तो गर्भगृह वाला भूतल पूरा हो गया था, जबकि परिसर में अन्य मंजिलों, मुख्य सर्पिल और अन्य तत्वों का निर्माण कार्य लंबित था। जानकार लोगों के अनुसार, काम अब 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है और परकोटा सहित पूरा परिसर इस साल पूरा हो जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय भी मुख्य मंदिर स्थल से लगभग 4 किमी की दूरी पर एक इमारत में बन रहा है। इसमें एक होलोग्राम होगा जो भगवान राम को जीवंत करेगा।

### जयपुर के मूर्तिकार बना रहे राम दरबार

गौरतलब है कि रामलला की 51 इंच ऊंची रामलला की मूर्ति को कर्नाटक के कलाकार अरुण योगिराज ने तराशा था। वहीं राम दरबार को जयपुर में मूर्तिकार प्रशांत पांडे के नेतृत्व में 20 कारीगरों की एक टीम सफेद मकराना संगमरमर तराश रही है। रामायण के सबसे लोकप्रिय संस्करण रामचरितमानस की रचना करने वाले संत तुलसीदास की एक विशाल प्रतिमा भी परिसर में स्थापित की जा रही है। लगभग 20 एकड़ भूमि का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। मंदिर का निर्माण पारंपरिक नागर शैली में किया गया है। इसकी लंबाई (पूर्व-पश्चिम) 380 फीट है। चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फीट है। यहां कुल 392 स्तंभों और 44 दरवाजों लगाए गए हैं।

## हर तरफ कचरा...




भोपाल। पुराने शहर के आरिफ नगर नवाब कॉलोनी में कचरे की समस्या से रहवासी परेशान हैं।

### जिन परियोजनाओं का पिछले वित्तीय वर्ष में होना था लोकार्पण उन्हें नए वित्तीय वर्ष में टाला

# 4200 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट अब तक पूरे नहीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजधानी में 4200 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट पूरे होने थे। 31 मार्च 2025 से पहले आमजन को इनका लाभ मिलना शुरू हो जाना चाहिए था। लेकिन ये प्रोजेक्ट वित्तीय वर्ष के बीत जाने के बाद भी पूरे नहीं हुए। उल्टे देरी के कारण प्रोजेक्ट की कास्ट करीब 800 रुपए और बढ़ गई। हर वित्तीय वर्ष में नए प्रोजेक्ट का सब्जबाग दिखाया जाता है।

### मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट



2020 में एस से सुभाष ब्रिज तक 6.22 किमी लंबाई की लाइन का काम शुरू हुआ। तत्कालीन मुयमंत्री कमलनाथ ने दावा किया था कि दिसंबर 2022 तक काम पूरा होगा। सरकारी बदली, तत्कालीन मुयमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सितंबर 2023 से कमर्शियल रन का दावा किया। महज ट्रायल कर काम पूरा किया। तत्कालीन एमडी मनीष सिंह ने अप्रेल 2024 में कमर्शियल का वादा किया। एमडी बदले, एस चैतन्य कृष्णा ने जनवरी 2025 में कमर्शियल रन का कहा, अब मार्च 2025 के साथ वित्तीय वर्ष बीता गया लेकिन मेट्रो की सुविधा नहीं मिली अब जून-जुलाई 2025 का दावा है।

### नगर निगम ग्रीन बिल्डिंग मुख्यालय

2021 में योजना तय की। 23 करोड़ की लागत से लिंक रोड नंबर दो पर ग्रीन बिल्डिंग कांसेप्ट से नया मुयालय बनाने का काम शुरू हुआ। तत्कालीन निगमायुक्त वीएस चौधरी कोलसानी ने दावा किया था कि यह भवन 2023 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसमें तीन ब्लॉक होंगे। पूरा परिसर चार एकड़ में फैला होगा। महापौर मालती राय ने दावा किया था कि जनवरी 2025 में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। अब भी भवन बनकर तैयार नहीं हुआ है।

### स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नाथू बरखेड़ा- राजधानी के नाथू बरखेड़ा में बनाए जा रहे अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का अभी और इंतजार करना पड़ेगा। 145 एकड़ में फैले इस परिसर को लगभग 1300 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इसका निर्माण जनवरी 2023 में शुरू हुआ था। तत्कालीन संचालक खेल रवि गुप्ता ने सितंबर 2024 में पूरा करने का दावा किया था। बाद में परियोजना की समय- सीमा दिसंबर 2024 से संशोधित की गई थी, जो अप्रैल तक बढ़ा दी गई थी। अब संचालक राकेश गुप्ता ने अंतिम समय जून 2025 के लिए निर्धारित कर दी। इसमें क्रिकेट स्टेडियम, हॉकी, फुटबॉल सहित अन्य आधुनिक इनडोर और आउटडोर खेल सुविधाएं तैयार की जा रही है। वार्म-अप जोन और दो हॉकी अभ्यास टर्फ के साथ डबल एथलेटिक ट्रैक बनाना है।

### कोलार सिक्सलेन



प्रदेश की पहली सीसी सिक्सलेन का काम अब भी अधूरा है। 220 करोड़ के बजट के साथ एक अक्टूबर 2022 को तत्कालीन मुयमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भूमि पूजन किया था। क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा ने एक साल में काम पूरा करने ठेका एजेंसी को कहा था। यानी अक्टूबर 2024 में काम पूरा होना था। इसे नवंबर 2024 के लिए बढ़ाया गया। लागत 305 करोड़ रुपए तक बढ़ गई। तत्कालीन इएनसी पीडब्ल्यूडी आरके मेहरा ने इसे फरवरी 2025 तक पूरा करने का कहा। इस पर से ट्रैफिक तो निकल रहा, लेकिन काम अधूरा है। औपचारिक शुभारंभ भी नहीं हुआ।

### जेपी अस्पताल में 240 बेड का अस्पताल

जेपी में 240 बेड का अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नया अस्पताल तैयार किया जा रहा है। सितंबर 2021 में काम शुरू हुआ, जिसे जनवरी 2023 तक पूरा करने तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी व सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने दावा किया था। बाद में समय सीमा अक्टूबर 2024 तक बढ़ाई। फिर मार्च 2025 का दावा किया। अब तक काम पूरा नहीं हुआ। इसे 5 लोर तक बनाना था। नए आधुनिक आपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, सोनोग्राफी और एक्सरे की सुविधा भी होगी। साथ ही, यहां हृदय रोगियों के संपूर्ण इलाज की सुविधा होगी। जिसके लिए यहां कैथ लैब से लेकर कार्डियक क्रिटिकल यूनिट तक तैयार किया जा रहा है।

## 'गर्मियों की वेटिंग क्लीयर करने के लिए स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल रेल मंडल सहित पश्चिम मध्य रेल से यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अयोध्या, पुणे, बांद्रा टर्मिनस, कोयंबटूर, रानी कमलापति से सहरसा, अगरतला, हड़पसर (पुणे), रीवा से सीएसएमटी और सोगरिया से दानापुर के मध्य समर के दौरान अप्रैल माह में ट्रेनों के प्रारंभिक तिथियों से ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही है।

01701 जबलपुर-अयोध्या साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन
02132 जबलपुर-पुणे साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन
02131 पुणे-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन
02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस
02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक ट्रेन
02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ता. स्पेशल ट्रेन
02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्त. स्पेशल ट्रेन
02187 रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन
02188 सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन
01663 रानी कमलापति-सहरसा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन
01664 सहरसा-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

## चीन के वर्ल्ड ट्विंस फेस्टिवल में इंडिया को रिप्रेजेंट करेगा भोपाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारत का सबसे पुराना और बड़ा ट्विंस क्लब है भोपाल का ट्विंस क्लब। इसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-2003 में भी स्थान दिया गया है। यह क्लब एक बार फिर भारत का नाम रोशन करने के लिए तैयार है। क्लब के 10 जुड़वां भाई-बहन 30 अप्रैल से 4 मई 2025 तक चीन में आयोजित होने वाले विश्व के सबसे बड़े ट्विंस फेस्टिवल में भाग लेंगे। इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए आयोजकों की ओर से क्लब को औपचारिक आमंत्रण पत्र प्राप्त हो चुका है।

**भोपाल में भी ट्विंस फेस्टिवल की प्लानिंग:** ट्विंस क्लब भोपाल के फाउंडर प्रेसिडेंट अभिषेक खरे ने बताया कि वर्ष 2000 में हमने यह ट्विंस क्लब बनाया था। तब से लेकर अब तक इसमें 650 से अधिक ट्विंस जुड़ चुके हैं। ट्विंस क्लब, भोपाल भविष्य में अपनी राजधानी भोपाल में भी एक भव्य ट्विंस फेस्टिवल आयोजित करने की योजना बना रहा है, जिससे भारतीय ट्विंस को अपने ही देश में इस प्रकार के वैश्विक आयोजन का अनुभव मिल सके।

**चीन के ट्विंस फेस्टिवल की प्रमुख गतिविधियां:** ट्विंस सिटी परेड - भव्य शोभायात्रा। ग्रुप ट्विंस फोटो शूट - फोटोग्राफी, ट्विंस टैलेंट शो - सिंगिंग, डांसिंग, ड्रामा और अन्य कलाओं का प्रदर्शन। बेस्ट ट्विंस (पुरुष) - जुड़वां भाइयों की सर्वश्रेष्ठ जोड़ी का चयन। बेस्ट ट्विंस (महिला) - जुड़वां बहनों की सर्वश्रेष्ठ जोड़ी का चयन। बेस्ट ट्विंस (मिक्स) - लड़का-लड़की की सर्वश्रेष्ठ जुड़वां जोड़ी।

**फेस पेंटिंग प्रतियोगिता :** 2014 से ले रहा भाग- बता दें कि ट्विंस क्लब, भोपाल 17 देशों में रजिस्टर्ड है। यह वर्ष 2014 से इस प्रतिष्ठित वैश्विक महोत्सव में भाग ले रहा है और हर वर्ष भारतीय ट्विंस को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। यह फेस्टिवल 25 से 40 देशों के जुड़वां प्रतिभागियों को एक साथ लाकर विविध सांस्कृतिक और प्रतियोगितात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

## विरोध-प्रदर्शन: कांग्रेस और पुलिस के बीच पुतले को लेकर छीना झपटी

### आरटीओ के पूर्व कांस्टेबिल सौरभ की जमानत का विरोध



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा को जमानत के मामले में संतनगर में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस के लचीलेपन के कारण जमानत मिली। प्रदर्शन के दौरान पुतला जलाने को लेकर पुलिस और कांग्रेसियों में झूमाझटकी हुई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संतनगर ने अध्यक्ष अशोक मारण के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। संत कंवरराम चौराहे पर पुलिस बल की मौजूदगी में नारेबाजी की गई। पुतला जलाने का प्रयास किया, जिसे लेकर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जोर आजमाइश हुई। करीब 20 मिनट तक पुतले की खींचतान चली। मारण के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी, माधु चांदवानी, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, दिनेश मेघानी, रामभरोसे राठोड़, युवा नेता सोनू तोमर, राज मनवानी, लीलाधर पंवार, महेश गुरबानी, बबलू टेकचंदानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

प्रदर्शकारियों को संबोधित करते हुए मारण ने कहा कि सौरभ शर्मा की कार से 52 किलो सोना, नगदी और चांदी बरामद होती है। पुलिस द्वारा समय पर चलान जमा न करने के कारण उसे जमानत मिल जाती। इससे यह सिद्ध होता है कि सौरभ शर्मा के कनेक्शन बड़े नामों के साथ हैं। प्रदर्शन को दिनेश मेघानी, सोनु तोमर, जीतू बलवा ने भी संबोधित किया। पुलिस और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेसियों से पुतला छीनते मंडल के भाजपा नेता भी नजर आए। उनका कहना था विरोध प्रदर्शन अपनी जगह लेकिन भाजपा के सीएम का पुतला नहीं जलाने देंगे। भाजपाइयों के प्रदर्शन में पुतला छीनने पर कांग्रेस ने नाराजगी जताई और थाने जाकर शिकायत भी की।

## जिस डिठे सब दुःख जाए गुरूद्वारा में सत्संग, जपजी साहिब पाठ

**हिरदाराम नगर.** जिस डिठे सब दुःख जाए साध्वी द्रोपदी धनवानी गुरुद्वारा मिनी मार्केट संतनगर में सोमवार को भाई चिमनजीत सिंह लाल का आगमन हुआ, उन्होंने संगत के साथ जपजी साहिब का पाठ किया। साथ ही संगत को कहा गुरु कि वाणी से जुड़ो और



अमृवेला संभालों गुरु आपके सब दुःख दूर करेंगे, इस संसार में कोई काम आए ना आए पर गुरु आपके हर वक्त साथ है। गुरु की जिसने सेवा कि वो इंसान इस संसार में तर जाता है। इस अवसर पर सोनी लालवानी, भाविका सिरवानी, लता गंगवानी, राजकुमारी चोटरानी, मुरली नेनवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मांधू चांदवानी, राकेश शेवानी, जयराम अरतानी, भगवानदास जनयानी, दिलीप रख्यानी, राकेश नारयनी, कमल दामानी, मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर**

### विश्व स्वास्थ्य दिवस मना, योग-ध्यान भी हुआ

# संत गर्ल्स कॉलेज में स्वास्थ्य व जागरूकता पर व्याख्यान

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल में राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, नवाचार प्रकोष्ठ और ई-सेल के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। स्वस्थ आहार पर व्याख्यान व योग व ध्यान सत्र हुए। स्वस्थ आहार पर व्याख्यान में खाद्य और पोषण विभाग के प्रमुख डॉ. विभा खरे ने सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ आहार विषय पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने में संतुलित पोषण के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को जागरूक खाने की आदतों और आहार व्यवहार के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए। योग और ध्यान सत्र में एनसीसी कैडेट भूमिका ने स्वास्थ्य और जागरूकता विषय के अनुरूप एक योग सत्र और उसके बाद एक निर्देशित ध्यान अभ्यास का आयोजन किया। इन सत्रों का उद्देश्य तनाव कम करना, एकाग्रता बढ़ाना और आंतरिक शांति को बढ़ावा देना था, जो इस वर्ष के विश्व स्वास्थ्य दिवस के विषय स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य से गहराई से जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम में छात्रों, स्वयंसेवकों और शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जो कॉलेज की ओर से स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने युवाओं के जीवन में स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व को दोहराया, क्योंकि वे एक स्वस्थ राष्ट्र की नींव हैं। आयोजन प्रभारी डॉ. शांति शर्मा ने सभी छात्रों और शिक्षकों को धन्यवाद दिया।



# औबेदुल्लागंज तक 6 लेन में बदलेगा फोर लेन मार्ग, होंगे 300 करोड़ खर्च

## 10 को धार आएंगे केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी, उन्हें भी प्रस्तावों से कराएंगे अवगत

### सरकार ने बनाया प्रस्ताव, केंद्र को मंजूरी के लिए भेजा प्रदेश में इसके अलावा 6 परियोजनाओं के प्रस्ताव भी किया गया है तैयार



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

औबेदुल्लागंज तक मौजूदा फोर लेन को 6 लेन में बदला जाएगा। इसकी दूरी करीब 20 किलोमीटर होगी, इस पर 300 करोड़ रुपए खर्च आएगा। सरकार ने यह प्रस्ताव बनाकर केंद्र को भेज दिया है। स्वीकृति का इंतजार है। 10 अप्रैल को केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी धार के बदनावर आने वाले हैं, सीएम डॉ. मोहन यादव उन्हें उक्त प्रस्ताव को स्वीकृत करने का आग्रह कर सकते है।

इसके अलावा प्रदेश में 6 और नवीन परियोजनाओं पर काम होने हैं, इन्हें भी स्वीकृति के लिए भेजा है, इनके संबंध में भी चर्चा हो सकती है। इन सभी विषयों पर सोमवार शाम को मंत्रालय में बुलाई बैठक में सीएम डॉ. मोहन यादव, पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन व अन्य अधिकारियों से चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री गडकरी एनएचएआई द्वारा निर्मित 218 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इनकी लागत 3502 करो? रुपए है। एनएचएआई द्वारा निर्मित की जाने वाली 110 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भूमिपूजन भी करेंगे। इसकी लागत 2330 करोड़ होगी।

### महाकाल से स्टेशन तक एलिवेटेड कॉरिडोर का प्लान

उज्जैन महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बढ़ रही है। राज्यों के अलावा विदेशों से भी लोग आ रहे हैं। कई बार मंदिरों तक पहुंचने में काफी असुविधा होती है। इन सभी परेशानियों को देखते हुए सरकार ने महाकाल मंदिर से रेलवे स्टेशन तक एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। सबकुछ ठीक रहा तो इस दिशा में सरकार आगे बढ़ सकती है।

### ये परियोजनाएं प्रस्तावित, केंद्र से अनुमति मिलने का इंतजार

बदनावर-पेटलावद-थांदला 4 लेन मार्ग निर्माण (लंबाई 80 किमी, लागत 1500 करोड़ रु.)।

पूर्वी इंदौर बायपास मार्ग निर्माण (लंबाई 77 किमी, लागत 3500 करोड़ रु.)।

उज्जैन-झालावाड़ 4 लेन मार्ग का निर्माण कार्य (लंबाई 134 किमी, लागत 2200 करोड़ रु.)।

मिसरौद से औबेदुल्लागंज खण्ड रा.रा.- 46 का 6 लेन में उन्नयन एवं निर्माण (लंबाई 19.32 किमी, लागत 280 करोड़ रु.)।

ग्वालियर-भिण्ड से मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश की सीमा तक राष्ट्रीय राजमार्ग- 719 का 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर में उन्नयन एवं निर्माण (लंबाई 96 किमी, लागत 3125 करोड़ रु.)।

सतना-चित्रकूट खण्ड राष्ट्रीय राजमार्ग- 135 बीजी का 4 लेन में उन्नयन एवं निर्माण (लंबाई 80 किमी, लागत 1500 करोड़ रु.)।

लखनादौन से रायपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे (लंबाई 200 किमी, लागत लगभग 5985 करोड़ रु.) के निर्माण के लिए बालाघाट और लांजी तहसील के जनजातीय क्षेत्र से गुजरने वाले एकरेखण (अलाइमेंट) के विकल्प को प्राथमिकता दी जानी है। प्रस्ताव भेजा है।

# शिक्षा विभाग 2 माह में करेगा ड्रॉप-आउट की पहचान, स्टूडेंट डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम तैयार

## एजुकेशन पोर्टल-3.0 की मदद से होगा प्रवेश शत प्रतिशत नामांकन के लिए शुरू की तैयारी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

स्कूल शिक्षा विभाग में अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों के क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग तथा परिणामों की समीक्षा के लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने एजुकेशन पोर्टल-3.0 शुरू किया है। नवीन अकादमिक सत्र में सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही एजुकेशन पोर्टल-3.0 पर की जा रही है। इसके लिए स्टूडेंट डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया गया है। पोर्टल पर कक्षा-1 में संभावित पात्र विद्यार्थियों की सूची संबंधित शाला को उनके ग्राम और बसाहट के अनुसार प्रदर्शित की गई है। इस सुविधा से पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश कराने में सुलभता होगी। शाला प्रभारी द्वारा सूची के अनुसार पालकों से सम्पर्क कर विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाया जायेगा। इस वर्ष नवीन पोर्टल पर सभी शालाओं एवं उनमें पदस्थ शिक्षकों को लॉग इन आईडी दी गई है। शाला प्रवेश के समय दस्तावेज के अभाव में किसी भी विद्यार्थी को प्रवेश से वंचित नहीं रखा जायेगा। शैक्षणिक वर्ष के 2 माह के भीतर ड्रॉप-आउट की पहचान करना, जिनमें ऐसे छात्र, जिनकी पदोन्नति या प्रवेश की सूचना अगले शैक्षणिक वर्ष में नहीं दी गयी है, उनकी पहचान कर उनका प्रवेश कराने की व्यवस्था की जायेगी। एजुकेशन पोर्टल-3.0 पर सभी शासकीय और प्रायवेट स्कूलों के लिये सुविधां उपलब्ध करायी जा रही हैं। इसमें सभी बोर्ड जैसे एमपी बोर्ड, सीबीएसई, मदरसा बोर्ड और संस्कृत बोर्ड के अंतर्गत संचालित शालाएं, केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल और नवोदय विद्यालय भी पंजीकृत हैं।

### अगली कक्षा में पोर्टल पर स्वत: ही प्रवेशित हो जाएंगे

पूर्व से शालाओं में दर्ज विद्यार्थियों की अगली कक्षा में प्रवेश के लिये विगत वर्ष 2024-25 में कक्षा-1 से 8 तक की शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है। शिक्षक द्वारा परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की जानकारी पोर्टल पर संबंधित शिक्षक या स्कूल की आईडी से चिन्हित की जायेगी। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के समक्ष पास अथवा फेल की प्रविष्टि करते हुए प्रतिशत अंकित करने पर विद्यार्थी अगली कक्षा में पोर्टल पर स्वत: ही प्रवेशित हो जायेंगे। प्रदेश की ऐसी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में जहां अगली कक्षा क्रमशरू 6 और 9 उपलब्ध नहीं हैं, ऐसी स्थिति में कक्षा-5, 8 एवं कक्षा-10वीं के विद्यार्थियों को पूर्व की शाला के प्रधानाध्यापक, प्राचार्य विद्यार्थियों एवं पालकों से चर्चा कर समीप शाला में कक्षा-6, 9 एवं कक्षा 11 में ऑनलाइन प्रवेशित करायेंगे। संबंधित शाला जहाँ प्रवेश होना है, ऐसे विद्यार्थियों की सूची को समीपस्थ विद्यालय के शिक्षकों-शालाओं के लॉगइन में होगी।

### मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा राज्य कार्यालय में शुभारंभ

# ज्ञान दान अभियान शुरू पुरानी किताबें करेंगे दान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

**मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 'ज्ञान दान अभियान' की शुरुआत की गई है। इस पहल का शुभारंभ राज्य कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी हर्षिका सिंह ने किया।**



अभियान का जरूरतमंद विद्यार्थियों तक प्रतियोगी परीक्षाओं और शैक्षणिक किताबों को पहुंचाना है, जो संसाधनों की कमी के कारण अपनी पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं। सीईओ सिंह ने आमजन से आग्रह किया गया है कि वे पुरानी व उपयोग में न आने वाली यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, स्कूल-कॉलेज स्तर की किताबें और सामान्य ज्ञान व संदर्भ ग्रंथ दान कर सकते हैं।

### बने भागीदार

ये पुस्तकें आजीविका मिशन के राज्य, जिला व ब्लॉक कार्यालयों, सीटीसी-सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र या गांवों में मौजूद स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय संगठनों के कार्यालयों के माध्यम से एकत्र की जाएंगी। यह अभियान किताबों का आदान-प्रदान कर विद्यार्थियों का भविष्य संवारने की एक सशक्त मुहिम है। आमजन से अपील है कि वे इस अभियान से जुड़कर किसी के सपनों को उड़ान देने में भागीदार बनें।

## सीएम का भावी अफसरों से संवाद, कहा-

# आप लोगों को तो एक बार, हम नेताओं को हर 5 साल में देनी पड़ती है परीक्षा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने प्रशिक्षु अफसरों से संवाद करते हुए कहा कि अब आप लोग तो 30 से 35 साल के लिए फ्री हो गए। क्योंकि आप लोगों ने मुख्य परीक्षा पास कर ली है। आगे काम ही काम करना है, जिस पद के लिए चयनित हो चुके, उसके लिए आगे किसी परीक्षा के लिए नहीं गुजरना पड़ेग लेकिन हम नेताओं को तो हर पांच साल में परीक्षा देनी पड़ती है, जो बड़ी कठिन होती है। पास हो गए तो ठीक नहीं तो 5 अगले पांच साल तक कोई मौके भी नहीं मिलते।सीएम यह संवाद प्रशासन अकादमी में सोमवार कर रहे थे। वह यहां राज्य सिविल सेवा अधिकारियों के 118वें संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोल रहे थे। भावी अफसरों को सीख देते हुए कहा कि हमेशा नया सोचें, हर संभव लोगों की वैधानिक तरीके से मदद करने पर फोकस होना चाहिए, काम अटकाने से लोगों के नुकसान हो सकते हैं, इसलिए प्रयास सुलझाने के हो।

सीएम ने कहा है कि नर्सरी कक्षा से लेकर अब तक के शिक्षण-प्रशिक्षण से मिले ज्ञान के आत्म अवलोकन से अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों और कार्यों को दक्षतापूर्वक संपन्न करें। शिक्षण से व्यक्ति और प्रशिक्षण से व्यक्तित्व का निर्माण होता है। हमारी पाठ्य पुस्तकें अपार ज्ञान का भंडार हैं, लेकिन दायित्वों को पूरा करने के लिए इसी ज्ञान की मदद से अपना मार्ग स्वयं खोजना होगा। खुद के दायित्वों के निर्वहन में पारिवारिक मूल्यों का ध्यान रखने, जनसामान्य के साथ शालीन व्यवहार और संवाद क्षमता विकसित करने तथा आउट ऑफ बॉक्स सोचते हुए समाज हित में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। बड़े पद की जिम्मेदारी के साथ-साथ परिवारजन और मित्रों की अपेक्षाओं पर बने रहना भी एक चुनौती है। आपका व्यवहार ऐसा हो कि आप अधिक से अधिक लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरे उतर सकें।

**मेट्रो एंकर** एनआईटीटीटीआर में 61वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया

# पूरी दुनिया का विकास परस्पर सहयोग से ही संभव: सत्यार्थी



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) ने अपने 61वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सत्यार्थी ने निटर भोपाल को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरी दुनिया का विकास परस्पर सहयोग से ही संभव है। व्यक्ति में दया एवं करुणा से ही संवेदनशीलता का विकास होता है।

करुणा का भूमंडलीकरण केवल भारत ही कर सकता है। मनुष्य को मन, वचन व कर्म से ईमानदार होना चाहिए जिससे समाज का समग्र विकास हो सके। एक शिक्षक का स्थान कोई कंप्यूटर नहीं ले सकता। आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के साथ कंपैशनेट इंटेलिजेंस भी आवश्यक है। इस अवसर पर संस्थान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में सुमेधा सत्यार्थी, वंदना त्रिपाठी, प्रो. आर. के दीक्षित, प्रो. संजय अग्रवाल एवं अन्य संस्थानों से विशिष्ट अतिथि उपस्तिथ थे। कार्यक्रम का आभार ज्ञापन मेजर निशांत ओझा ने दिया व संचालन अनीता लाला द्वारा किया गया।

### संचालित शिक्षण पद्धतियां आदि पर हुई विस्तृत चर्चा

निटर के डायरेक्टर प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने संस्थान की 61 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान का स्थापना दिवस उसके गौरवशाली अतीत पर गर्व करते हुए भविष्य की चुनौतियों के लिए अपने आप को तैयार करने का होता है। प्रो. त्रिपाठी ने गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, इंटर्नशिप, कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से मेक इन इंडिया को मजबूती, डिजिटल शिक्षा, अनुसंधान नेतृत्व भविष्य की दिशाएँ, - संचालित शिक्षण पद्धतियां आदि पर विस्तृत चर्चा की।

### सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की लैब का नामकरण सत्यार्थी के नाम

निटर भोपाल के डीन कॉर्पोरेट एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. पी.के पुरोहित ने कैलाश सत्यार्थी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में कहा कि उनका बचपन बचाओ आन्दोलन 144 देशों में विस्तारित हो चुका जिस कारण आज वे विश्व मंच पर करुणा, साहस और सत्यनिष्ठा का पर्याय बन चुके है। इस अवसर पर निटर भोपाल एवं कैलाश सत्यार्थी पर बनी लघु फिल्मो का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर निटर भोपाल में प्रस्तावित एआई एमएल के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की लैब का नामकरण कैलाश सत्यार्थी के नाम पर किया गया।



## संपादकीय

# चिंतन के निष्कर्ष तय करेंगे भविष्य

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की सत्ता महज तीन राज्यों तक सिमटी हुई है। कुछ राज्यों में वह जरूर सरकार के सहयोगी दलों के तौर पर सत्ता में है लेकिन उसके सांगठनिक स्वरूप और ताकत पर लगातार सवाल लग रहे हैं। अब जबकि आज से कांग्रेस अहमदाबाद में अपने अधिवेशन के लिए जुट रही है और भविष्य की नीतियों पर मंथन करने बैठ रही है तो यह सारे सवाल फिर सुर्ख हो जाते हैं। खुद पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी स्वीकार कर चुके हैं कि कई राज्यों में संगठन पस्त है और स्लीपर सेल नुकसान कर रहे हैं ऐसे में फिर से कर्नाटक की स्थिति सतह पर आ रही है। जहां सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार के बीच तनातनी लगातार महसूस की जा रही है। यह भी पार्टी के लिए सही नहीं है। इन दोनों नेताओं के बीच कलह की बात पहले भी कई बार सामने आती रही है और शीर्ष नेतृत्व अभी तक इसे सुलझाने में नाकाम रहा है। सिध्दरमैया और डीके शिवकुमार का टकराव वर्चस्व की लड़ाई है। दोनों नेता राज्य संगठन पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। ऐसा ही कुछ राजस्थान में भी देखने को मिला था, जहां आखिरकार पार्टी को सत्ता गंवानी पड़ी। बिल्कुल वही सब अब कर्नाटक में हो रहा है। यह बिल्कुल अप्रत्याशित स्थिति है, जहां सीएम और उनके मंत्री चाहते हैं कि प्रदेश अध्यक्ष अपने पद से इस्तीफा दें। जब इस तरह साफ-साफ दो गुट बन गए जाएं, तो न संगठन ठीक से चल सकता है और न सरकार। कांग्रेस की इस समय केवल कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में सरकोर है।। झारखंड और जम्मू-कश्मीर में वह सरकार का हिस्सा जरूर है, लेकिन जूनियर पार्टनर के रूप में। कर्नाटक की कहानी तो चल ही रही है, तेलंगाना और हिमाचल से भी गुटबाजी की खबरें आती रही हैं। हिमाचल में राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के नौ विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी थी और पार्टी के उम्मीदवार को हार मिली थी। लोकसभा चुनाव में जब कांग्रेस ने 99 सीटें जीतीं, तो लगा कि पार्टी वापसी की राह पर है। लेकिन, एक के बाद एक विधानसभा चुनावों में हार ने उसे फिर बेपटरी कर दिया। उसने लोकसभा चुनाव से जो भी बढ़त कमाई थी, वह हरियाणा और महाराष्ट्र में मिली हार में खर्च हो गई। दोनों राज्यों में स्पष्ट तौर पर पूरा संगठन बंटा था, केंद्रीय नेतृत्व सही वक्त पर कठोर फैसले लेने में नाकाम रहा। कांग्रेस के अंदर कलह का असर विपक्ष के बाकी दलों के साथ उसके रिश्तों और इंडिया ब्लॉक में उसकी स्थिति पर भी पडा है। यूपी उपचुनाव और दिल्ली विधानसभा इलेक्शन में साथी दलों ने उसे भाव नहीं दिया। जब तक वह आपस की लड़ाई से बाहर नहीं निकलती, पार्टी का मजबूत स्थिति में आना मुश्किल है। ऐसे में पार्टी यदि अहमदाबाद से ठोस निर्णय लेकर लौटती है तथा कार्यकर्ताओं में उत्साह पैदा कर सकती है तो ही पार्टी के भविष्य की कुछ उम्मीद की जा सकती है। जल्द बिहार,गुजरात व पंजाब में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं,इसके बाद मप्र,राजस्थान व छग का नंबर भी आ जाएगा,इसलिए चुनाव दर चुनाव कांग्रेस को यदि सिर्फ लड़ने के लिए ही उतरना अलग बात है,यदि उसे जीतने के लिए उतरना है तो गुटबाजी को खत्म करें, लंबे समय से चर्चा है कि राहुल गांधी पार्टी को नए सिरे से गढ़ने की कोशिश में हैं, यह सब अहमदाबाद के बाद साफ हो जाएगा।

# जजों की संपत्ति का प्रकटीकरण पारदर्शिता की ओर प्रभावी कदम

■ ललित गर्ग

न्यायपालिका पर जनता का भरोसा लोकतंत्र का अहम आधार है। न्यायिक प्रणाली में किसी संदेह की गुंजाइश नहीं रहे, इसके लिये न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता, जबावदेही एवं निष्पक्षता की जरूरत है, इसके लिये सर्वोच्च न्यायालय से निचली अदालतों तक के न्यायाधीशों को संपत्ति सार्वजनिक करने जैसे कदम उठाए जाने की अपेक्षा आजादी के अमृतकाल में तीव्रता से की जा रही थी, ताकि न्यायपालिका की पारदर्शिता को लेकर उठने वाले संदेह दूर हो सकें, यह मुद्दा जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर जली हुई नोटों की गड्डी मिलने जैसी घटनाओं और उनसे उपजे विवादों के बाद गंभीर सार्वजनिक विमर्श का बन गया था। जनचर्चाओं एवं आदर्श राष्ट-निर्माण की अपेक्षाओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर जो सहमति जताई है, वह सही दिशा में उठाया गया उचित एवं प्रासंगिक कदम है। इससे न्यायपालिका में पारदर्शिता ब?ाने में मदद मिलेगी और आम लोगों का उस पर भरोसा मजबूत होगा। देश में न्यायालयों को ऐसी संस्था के रूप में देखा जाता है, जो आम लोगों के लिए न्याय की आखिरी उम्मीद है। न्याय करने वाले न्यायाधीशों पर संदेह के बादल मंडराना न्याय-प्रक्रिया पर भरोसा कम करने का एक ब?ा कारण बनता रहा है। अब जनता की अपने पंच-परमेश्वरों की स्वच्छ-धवल छवि की आकांक्षा पूरी होते हुए दिखाई देना एक रोशनी बना है, जिससे न्याय प्रक्रिया के प्रति विश्वास ज्यादा मजबूत होगा। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

न्यायधीशों को भी अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करने का मुद्दा बहुत पुराना रहा है। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार हर न्यायाधीश को अपनी प्रॉपर्टी और देनदारियों के बारे में चीफ जस्टिस को बताना होता है। बाद में, एक और प्रस्ताव आया कि न्यायाधीश चाहें तो अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर सकते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं, स्वैच्छिक था। पिछले लगभग तीन दशक में, यह मामला कई बार उठा है। सूचना का अधिकार लागू होने के बाद यह बहस भी हुई कि न्यायपालिका इसके दायरे में क्यों नहीं? इसके पीछे यही तर्क रहा कि किसी निजी जानकारी को तब तक साझा करने की जरूरत नहीं, जब तक उससे सार्वजनिक हित न जु? हों। 2010 और 2019 में जब सुप्रीम कोर्ट में यह केस आया था, तब इसी तथ्य को आधार बनाकर कहा गया कि जानकारी सार्वजनिक करना न्यायाधीशों की इच्छा पर है। एक तरह से यह व्यवस्था न्यायाधीशों को लगातार संदेहों के घेरे में रखती रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा का निर्णय न्यायपालिका में पारदर्शिता कायम करने वाला एक सराहनीय कदम होगा। जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने की मांग के पीछे ब?ा तर्क भी यही दिया जाता रहा है कि जब तक जजों की संपत्ति सार्वजनिक नहीं होगी, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों पर ठोस कार्रवाई संभव नहीं हो सकेगी।

देश में न्याय की प्रक्रिया सहज, सरल पारदर्शी एवं समानतामूलक होने के साथ आम आदमी के भरोसे वाली होनी चाहिए। इसके लिये भारत की सम्पूर्ण न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण होना चाहिए। भारतीयकरण के लिये ईमानदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता, जबावदेही आवश्यक मूल्य है। सरकार की एक संसदीय समिति ने 2023 में सिफारिश की थी कि न्यायाधीशों के लिए संपत्ति की घोषणा अनिवार्य की जाए। हालांकि कतितय कारणों से सरकार इस मामले में आगे नहीं ब?ी। इसका एक ब?ा कारण सरकार पर यह आरोप लगना भी बना कि सरकार न्यायपालिका में अनावश्यक राजनीतिक दखल दे रही है। लेकिन न्यायपालिका की साख के लिए उसका स्वतंत्र होना और दिखना भी जरूरी है। लेकिन सम्पत्ति की घोषणा के मामले में उन्हें अतिरिक्त सुविधा देना या



उनके लिये अतिरिक्त सुविधा का होना, संदेह का कारण बनता रहा है। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। यूं तो न्यायपालिका के कामकाज में कई तरह की ग?ब?ियां देखने को मिलती हैं। संपत्ति की घोषणा जैसे कई स्तरों पर न्यायिक सुधार के प्रयास आगे ब?ाने की जरूरत नये भारत, सशक्त भारत एवं आदर्श भारत के लिये जरूरी है। अब अगर सर्वोच्च अदालत के जज खुद को भी उन कसौटियों पर कसने में नहीं हिचक रहे हैं जिन्हें वे दूसरों के लिए जरूरी मानते हैं, तो निश्चित ही इस कदम से एक सकारात्मक संदेश जरूर गया है। न्यायिक पारदर्शिता को ब?ाने के उद्देश्य से, सुप्रीम कोर्ट के सभी 30 मौजूदा न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की है। यह घटनाक्रम न्यायपालिका में पारदर्शिता की कमी को लेकर ब?ती चिंताओं के बाद हुआ है, खासकर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जु? विवाद के बाद। जिन न्यायाधीशों ने पहले ही अपनी घोषणाएं प्रस्तुत कर दी हैं, उनमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी शामिल हैं। इसे फैसले को न्याय के प्रति जनता के भरोसे को और मजबूत करने के लिहाज से सही एवं सामयिक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो सुखद होने के साथ-साथ श्रेयस्कर न्याय-प्रक्रिया का द्योतक है। निश्चय ही यह एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। इस नवीनतम प्रस्ताव के साथ, सुप्रीम कोर्ट ने सामूहिक रूप से संपत्ति के खुलासे को सार्वजनिक रूप से सुलभ बनाने का निर्णय लेकर जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। भारत के अनेक प?ौसी देश बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल आदि में न्यायाधीश अपनी संपत्तियों की घोषणा करते हैं। कई देशों में यह स्वैच्छिक है तो कुछ जगह अनिवार्य भी है।

न्यायपालिका ही फरियाद का अंतिम प?ाव कहा जाता है। ऐसे में न केवल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बल्कि न्यायपालिका के सभी स्तरों पर न्यायाधीश अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करें तो इससे जनता को उनके प्रति विश्वास ब?ेगा। अब तक का अनुभव बताता है कि उच्च न्यायालयों के स्तर पर भी जजों में संपत्ति को सार्वजनिक करने की प्रवृत्ति काफी कम है। मार्च 2025 तक, उच्च न्यायालयों के कुल 763 में से सिर्फ 49 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक की है। न्यायपालिका में पारदर्शिता ब?ाने के लिए अभी इस दिशा में और प्रयासों की जरूरत है। निर्वाचित प्रतिनिधियों और नौकरशाहों को अपनी संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा करना कानूनन अनिवार्य किया जा चुका है। ऐसे में आम जनमानस में धारणा बनी रहती है कि न्यायपालिका के बाबत भी कोई ऐसी पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए। यह प्रश्न न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता और जबावदेही से भी जु?ा है। यहां उल्लेख करना समीचीन होगा कि विधि एवं न्याय विभाग की संसदीय समिति ने वर्ष 2023 में न्यायाधीशों के लिये अनिवार्य रूप से संपत्ति की घोषणा की सिफारिश की थी। लेकिन इस बाबत अभी तक कोई वैधानिक नियम नहीं बनाए गए हैं। लेकिन अब स्वयं न्यायपालिका की तरफ से ऐसी व्यवस्था लागू करने का सराहनीय प्रयास होना सुखद ही कहा जायेगा।

न्यायपालिका हमेशा से समाज में पारदर्शिता, प्रामाणिकता, निष्पक्षता व शुचिता की पक्षधर रही है। जनता इस कसौटी पर अपने न्याय के देवताओं को भी खरा उतरता देखना चाहती है। निस्संदेह इस तरह के फैसले का समाज में पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की दृष्टि से दूरगामी प्रभाव भी होगा। इस दिशा में ऐसी किसी भी पारदर्शी व्यवस्था का समाज में स्वागत ही होगा। ऐसे किसी भी कदम से उस आम आदमी के विश्वास को भी बल मिलेगा जो हर तरह के अन्याय व भ्रष्टाचार से तंग आकर उम्मीद की अंतिम किरण के रूप में न्यायालयों का रुख करता है। वह न्यायाधीशों को न्याय, सत्य व सदाचारिता के प्रतीक के रूप में देखता है। वो न्याय देने वालों को न्याय की हर कसौटी पर खरा उतरता हुआ भी देखना चाहता है। यह न्याय की शुचिता की भी अनिवार्य शर्त है। जब एक अकेले व्यक्ति का जीवन भी मूल्यों एवं जीवन-मानकों के बिना नहीं बन सकता, तब एक न्याय-व्यवस्था मूल्यों, निष्पक्ष मानकों, पारदर्शिता एवं समानता के बिना कैसे शक्तिशाली एवं विश्वसनीय बन सकती है?

(साभार : यह लेखक के अपने विचार हैं।)

# खगोलीय घटना और धार्मिक मान्यता का संबंध क्या चंद्रमा सच में हमारे मन को करता है प्रभावित

■ संकल्प सिंह

आज से करीब 13.8 अरब साल पहले बिग बैंग के साथ इस ब्रह्मांड की उत्पत्ति हुई। बिग बैंग के तुरंत बाद टाइम और स्पेस अस्तित्व में आए और ब्रह्मांड का विस्तार शुरू हो गया। इसके बाद करोड़ों आकाशगंगाओं का निर्माण हुआ, जिनमें ग्रहों और तारों के बनने की शुरुआत हुई। इसी प्रक्रिया में हमारा सौरमंडल भी अस्तित्व में आया, जिसमें 4.5 अरब साल पहले हमारी पृथ्वी का जन्म हुआ। इसके बाद 3.7 बिलियन सालों पहले रसायन, ऊर्जा और गुरुत्वाकर्षण के समायोजन से धरती पर पहले जीवन (सिंगल सेल माइक्रोब जिसे लूका Last Universal Common Ancestor भी कहा जाता है) की शुरुआत हुई। यहीं से जीवन के सफर की शुरुआत होती है और क्रमिक विकास की लंबी श्रृंखला में अंततः मानव अस्तित्व में आता है।

मानव, पृथ्वी के बाकी दूसरे जीवों की तुलना में काफी अलग थे। इनकी सोचने, समझने और तर्क करने की क्षमता ने ही इन्हें अन्य जीवों की तुलना में अधिक विकसित किया। इसके बाद हमने जैसे-जैसे इस प्रकृति और ब्रह्मांड के रहस्यों को समझना शुरू किया, वैसे-वैसे हमें एहसास हुआ कि हम केवल भौतिक शरीर ही नहीं हैं बल्कि हमारी चेतना और ऊर्जा का एक गहरा संबंध ब्राह्मांडीय शक्तियों से भी है।

हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों को यह एहसास हुआ कि ब्रह्मांडीय ऊर्जा का एक विशेष प्रभाव हमारे मन, शरीर और चेतना पर पड़ता है। शायद यही एक बड़ी वजह रही होगी, जिसकी वजह से कई धार्मिक पर्वों (महाशिवरात्रि, गुरुपूर्णिमा, अमावस्या, पूर्णिमा आदि) को खगोलीय घटनाओं के साथ जोड़ा गया। मान्यता है कि इन खास अवसरों पर आध्यात्मिक साधनाओं का काफी महत्व है। हिंदू पचांग के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस समय सूर्य, कुंभ राशि में होता है और चंद्रमा क्षीण अवस्था में होता है। मान्यताओं के अनुसार इस तरह की विशेष स्थिति आध्यात्मिक साधनाओं के लिए काफी अच्छी होती है। इस दौरान आध्यात्मिक साधनाओं को करने से शरीर में प्राण ऊर्जा का प्रवाह बेहतर ढंग से होता है। यही नहीं महाशिवरात्रि के दौरान ग्रह और नक्षत्रों की जो स्थिति बनती है उसका एक विशेष प्रभाव शरीर के चक्रों पर भी पड़ता है। पौराणिक धमग्रंथों में शिव को एक योगी के रूप में दिखाया गया है और उनका तीसरा नेत्र छठे चक्र से जुड़ा हुआ है। यह आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक भी माना जाता है। मान्यता यह भी कहती है कि महाशिवरात्रि के दिन ग्रहों और नक्षत्रों का ऐसा योग बनता है, जो कि शरीर के चक्रों को सक्रिय करने का काम करता है। इससे कुंडलिनी ऊर्जा पूरे शरीर में प्रवाहित होने लगती है। वहीं सदियों से चांद और उसका इंसान के मानसिक व्यवहार पर असर की कहानियां भी दुनियाभर की मान्यताओं का हिस्सा रही हैं। मान्यता थी कि चांद की स्थिति और उसके घटने बढ़ने के हिसाब से इंसान का स्वाभाव भी बदलता है। चंद्रमा के गुरुत्व का प्रभाव ज्वार जैसी प्राकृतिक घटनाओं पर पड़ता है यह तो हमें पता है। हालांकि, कई रिसर्च में इस बात का पता चला है कि चंद्रमा की स्थितियों के घटने बढ़ने का प्रभाव इंसानों के व्यवहार, उनके मानसिक स्वास्थ्य पर कितना पड़ता है इनमें से ज्यादातर विश्वास गलत हैं।

वहीं कुछ शोध में इस बारे में पता चला है कि चंद्रमा के घटने बढ़ने से बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षणों में जो बदलाव होते हैं उनके बीच एक संबंध हो सकता है। इसके अलावा पूर्णिमा की रात में गहरी नींद का कम आना और ऋश्वरू(रैपिड आई मूवमेंट) नींद में जानें में देरी होने के भी कुछ प्रमाण मिले हैं। कई अध्ययनों में इस बात का भी पता चला है कि पूर्णिमा के दिन हृदय संबंधी स्थितियों में भी थोड़ा बदलाव देखने को मिलता है। चंद्रमा का इंसानी शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता हैड़ वैज्ञानिक इसका अभी भी गहराई से अध्ययन कर रहे हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इस क्षेत्र में अभी भी कई नई खोजों का सामने निकलकर आना बाकी है।

(साभार)



**इनकी सोचने, समझने और तर्क करने की क्षमता ने ही इन्हें अन्य जीवों की तुलना में अधिक विकसित किया। इसके बाद हमने जैसे-जैसे इस प्रकृति और ब्रह्मांड के रहस्यों को समझना शुरू किया, वैसे-वैसे हमें एहसास हुआ कि हम केवल भौतिक शरीर ही नहीं हैं बल्कि हमारी चेतना और ऊर्जा का एक गहरा संबंध ब्राह्मांडीय शक्तियों से भी है। हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों को यह एहसास हुआ कि ब्रह्मांडीय ऊर्जा का एक विशेष प्रभाव हमारे मन, शरीर और चेतना पर पड़ता है। शायद यही एक बड़ी वजह रही होगी, जिसकी वजह से कई धार्मिक पर्वों (महाशिवरात्रि, गुरुपूर्णिमा, अमावस्या, पूर्णिमा आदि) को खगोलीय घटनाओं के साथ जोड़ा गया। मान्यता है कि इन खास अवसरों पर आध्यात्मिक साधनाओं का काफी महत्व है। हिंदू पचांग के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस समय सूर्य, कुंभ राशि में होता है और चंद्रमा क्षीण अवस्था में होता है। मान्यताओं के अनुसार इस तरह की विशेष स्थिति आध्यात्मिक साधनाओं के लिए काफी अच्छी होती है।**

## निराशा में प्रतीक्षा अन्धे की लाठी है

\- प्रेमचन्द

## आज का इतिहास

- 2020- सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन से संविधान के अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद लगाए गए प्रतिबंधों की एक हफ्ते के अंदर समीक्षा करने को कहा।
- 2020- केंद्र ने नागरिकता संशोधन एक्ट के लिए एक अधिसूचना जारी की। इसके अनुसार, भारत में 31 दिसंबर, 2014 तक आए हिंदू धर्म, जैन धर्म, पारसी धर्म, सिक्ख धर्म, ईसाई धर्म और बौद्ध धर्म के अल्पसंख्यक भारतीय नागरिकता हासिल कर सकेंगे।
- 2013- पाकिस्तान में कई बम धमाकों में 100 लोगों की मौत, 270 लोग घायल।
- 2010- भारतीय मूल के अमेरिकी फूड सिक्युरिटी एक्सपर्ट राजीव शाह ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय के अधीनस्थ संस्था यूएस एजेंसी फॉर इंटरनैशनल डिवेलपमेंट (यूएसएआईडी) के प्रमुख की ज़िम्मेदारी संभाली। इसके साथ ही वह बराक ओबामा प्रशासन में सर्वोच्च पद संभालने वाले भारतीय बन गए।
- 2009- अशोक कजारिया ने पीएचडी चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री का वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद सम्भाला।
- 2008- कार निर्माण की अग्रणी आटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स ने एक लाख रुपये वाली कार नैनो पेश किया।
- 2006- प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को प्रति वर्ष विश्व हिन्दी दिवस के रूप मनाये जाने की घोषणा की।
- 2002- ब्रिटिश पीएम टोनी ब्लेयर पाक पहुँचे, इस्रायल के विदेश मंत्री शिमोन पेरेज 3 दिनी यात्रा पर भारत आए, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद व नाटो में भारत की सदस्यता का पेरेज ने समर्थन किया।

## निशाना

### मैदान दिया उतार !



-कृष्णेन्द्र राय

है सियासी मायने ।
मैदान दिया उतार ।।
चढ़ा राजनीतक पारा ।
और कई कतार ।।
लाभ लेने खातिर ।
जोर है लगाया ।।
कर देना वो चुकता ।
जो है अभी बकाया ।।
गुणा गणित करके ।
कर लिया तैयार ।।
टिक जाएंगे लंबा ?
या होंगे फरार ।।
उठापटक तो चल रही ।
मौके की तलाश ।।
होड़ न होगी खत्म ।
बने रहना खास़ ।।

## कमिश्नर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को दिए निर्देश

# वार्षिक निरीक्षण रोस्टर के अनुसार सभी कलेक्टर व सीईओ मुआयना करना तय करें

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

सभी कलेक्टर्स एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अपर कलेक्टर ने वार्षिक निरीक्षण रोस्टर बना लिया है। अब सभी अधिकारी इस बनाए गए वार्षिक निरीक्षण रोस्टर के अनुसार ही निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। सभी निरीक्षण बारिकी से और समय लेते हुए करें। जल्दी बाजी में कोई भी निरीक्षण ना किया जाए और निरीक्षण के दौरान कोई भी पैनिक क्रिएट न किया जाए। सभी निरीक्षण विस्तार से किए जाएं। उक्त निर्देश नर्मदापुरम संभाग कमिशनर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में नर्मदापुरम संभाग के हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर्स एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर श्री तिवारी ने 30 मार्च से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की अब तक इस अभियान के अंतर्गत उस गति से कार्य नहीं किया गया है जिस गति से कार्य होना चाहिए था। उन्होंने नीचे के अमले को और अधिक सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सभी जल संरचनाओं के जीणोद्धार और पुनर्जीवन के लिए विशेष तौर पर कार्य योजना बनाई जाए और उस कार्य योजना को अमली जामा पहनाया जाए। सभी कार्य शत् प्रतिशत पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी जल गंगा संवर्धन अभियान को प्राथमिकता से ले क्योंकि स्वयं मुख्यमंत्री जी ने इस अभियान में सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने संपर्कता सर्वे मोबाइल ऐप के द्वारा जिले में संपर्कता विहीन बसाहटो के चिन्हांकन एवं भौतिक सत्यापन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कमिशनर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की हरदा, बैतूल एवं नर्मदा पुरम जिले में सर्वे का कार्य शत् प्रतिशत पूरा कर लिया जाए। वर्तमान में नर्मदा पुर में 98त्न हरदा में 81त्न एवं बैतूल में 98त्न सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हर जनपद पंचायत की 5 से 10 सर्वे के सैंपल लेकर उसे मौके पर जाकर चेक करें।

■ जल गंगा संवर्धन अभियान में नीचे का अमला सक्रिय होकर कार्य करें



कमिश्नर ने निर्देश दिए की सर्वे में पूरी पारदर्शिता रहे। सभी डाटा का एकत्रीकरण रहे। कोई भी चीज ना छूटे। इसके लिए क्रॉस चेकिंग भी अनिवार्य रूप से की जाए। सभी सीईओ मौके पर जाकर भी वस्तु स्थिति से अवगत हो। कमिश्नर ने कहा कि तकनीकी कर्मियों के कारण जो सर्व छूट गए हैं उसे भी दो दिन में शत प्रतिशत पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त होने वाले पत्रों को स्वयं सीईओ मार्क करें, इससे कई फीडबैक प्राप्त हो जाते हैं। कमिश्नर ने कहा कि संपर्कता सर्वे मोबाइल एप बड़ा प्रोजेक्ट है इससे हमारी एक बड़ी आबादी कनेक्ट हो पाएगी।

कमिशनर श्री तिवारी ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में संभाग के तीनों जिलों द्वारा बेहतर कार्य करने पर संतोष व्यक्त किया और सभी जिलो की सराहना की। कमिशनर ने लोक सेवा गारंटी के सभी प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण होने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। कमिशनर श्री तिवारी ने निर्देश दिए की स्वामित्व योजना में महिला एवं पुरुष दोनों का नाम दर्ज किया जाए। अभी कुछ जगह पर सिर्फ पुरुषों का नाम ही दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि चेक करके इसे सुधारा जाए। उन्होंने कई तहसीलों में बिना बंदोबस्त एवं चकबंदी के नक्शे बनाने एवं उसकी रजिस्ट्री करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इन सब स्थितियों को प्राथमिकता से सुधारा जाए। कमिशनर ने निर्देश दिए कि कई राजस्व प्रकरण रीडर की आईडी पर पेंडिंग रहते हैं। ऐसे प्रकरणों को रीडर प्राथमिकता से आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि पटवारी स्वयं प्रेरित होकर रिपोर्ट देते हैं तहसीलदार उस रिपोर्ट को एसडीएम तक पहुंचा देते हैं। ऐसी रिपोर्ट आरसीएम पोर्टल पर भी दर्ज होनी चाहिए।

कमिशनर ने राजस्व संग्रहण की समीक्षा की और निर्देश दिए की ई ऑफिस सिस्टम के माध्यम से तीनों जिलों कार्य करें। नर्मदा पुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बताया कि ई ऑफिस सिस्टम के तहत सभी कार्य किये जा रहे हैं। नर्मदा पुरम में 256 फाइलों का मूवमेंट ई ऑफिस सिस्टम के माध्यम से किया गया है।

कमिशनर ने जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा की तथा आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कमिशनर श्री तिवारी ने चना एवं गेहूं उपार्जन से संबंधित अद्यतन जानकारी ली एवं निर्देश दिए की शासन के निर्देशानुसार किसानों को गेहूं उपार्जन का भुगतान सात दिवस में हो जाना चाहिए। तीनों जिलों के कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बताया कि तीनों जिलों में आंगनबाड़ी केंद्र खुल रही है और उसे पोषण ट्रैकर ऐप में दर्ज भी किया जा रहा है। कमिशनर ने निर्देश दिए की सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी और अधिक सक्रिय रहकर कार्य करें। उन्होंने गत दिवस अपर मुख्य सचिव के द्वारा दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई कर पालन प्रतिवेदन भिजवाने के निर्देश दिए।

## जेके पास में रुपैया-पैसा ऊके मित्र हजार

**गंजबासौदा।** श्री नवदुर्गा उत्सव समिति ब्लॉक ऑफिस बरेठ रोड द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस भजन संध्या में ललितपुर के सुप्रसिद्ध गायक रामकिशोर मुखिया द्वारा माता रानी के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर मनोहरी समा बांधा गया। यह कार्यक्रम देर रात तक चला और श्रोता गण माता रानी के भजनों पर झूमते रहे। इस भजन संध्या की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा ब्लॉक ऑफिस वाली मैया के चित्र के समक्ष चुनरी अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव ने उपस्थित कलाकारों को माता रानी की चुनरी डालकर उनका अभिवादन किया। इसके बाद भजन गायक रामकिशोर मुखिया ने गणराज आज महाराज लाज रख मोरी गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने रामजु धनी मोरे रामजु धनी, सीताराम सीताराम सीताराम कहिए, जे के पास में रुपया पैसा उनके मित्र हजार, बेटा जो बुलाए मां को आना चाहिए। एक दर्जन से अधिक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को देर रात तक बैठने को मजबूर कर दिया।



## बीमारियों से मुक्त होना है तो खुशी की खुराक खाते रहो : ब्रह्माकुमारी रेखा

**गंजबासौदा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है यह दिन 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के प्रतीक रूप में मनाया जाता है इसका उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें प्रभावी ढ़ंग से संबोधित करना है। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए दवाई है शुभचिंतन। इसलिए शुभचिंतक बन सबसे दुआएं कमाना, मन में सदा श्रेष्ठ विचार कल्याणकारी भावनाएं अच्छे एहसासों को ही जगह दे ताकि दिमाग में सदा पॉजिटिव तरंगों का ही उदय हो। अस्थिर मन वाले व्यक्ति की सोच भी स्थिर नहीं रहती। आत्मिक स्वास्थ्य ही मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का आधार है आत्मा अजर-अमर अविनाशी चेतन शक्ति है।




## नर्मदापुरम आरटीओ के पास दो जिलों का प्रभार

**नर्मदापुरम।** गत माह क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी निशा चौहान का तबादला देवास जिला हो गया था और देवास क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जया बसावा को नर्मदापुरम आरटीओ नियुक्त करने के आदेश जारी शासन ने किए थे. नर्मदापुरम आरटीओ निशा चौहान ने तो देवास जिले का प्रभार ग्रहण कर लिया लेकिन देवास आरटीओ ने नर्मदापुरम का जिले का प्रभार अभी तक ग्रहण नहीं किया. बताया जाता है कि देवास आरटीओ 2 महीने की छुट्टी लेकर चली गई है. उनका इरादा नर्मदा पुरम में पदस्थ होने का नहीं दिखाई दे रहा है. जब शासन ने किसी अधिकारी का तबादला कर दिया है तो उस अधिकारी को अपने स्थान पर जाकर प्रभार ग्रहण कर लेना चाहिए. यदि वह अधिकारी शासन के निर्देश अनुसार प्रभार ग्रहण नहीं करते हैं तो शासन को उनके स्थान पर किसी दूसरे अधिकारी को नियुक्त करना चाहिए.



## कार्यपालन यंत्री ने अभी तक नहीं सौंपा किसी कर्मचारी को लेखा लिपिक का प्रभार

**नर्मदापुरम।** किसी दफ्तर में जब किसी कर्मचारी को सेवानिवृत्त कर दिया जाता है तो सेवानिवृत्ति के तत्काल उपरांत उस व्यक्ति का प्रभार किसी अन्य कर्मचारियों को सौंप दिया जाता है ताकि दफ्तर का कार्य सुचारू रूप से चल सके. लेकिन कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण कार्यालय में पदस्थ रहे लेखा लिपिक आदिल मार्च 2025 में सेवानिवृत हो गए हैं लेकिन आज दिनांक तक कार्य पालन यंत्री द्वारा किसी कर्मचारियों को लेखा लिपिक का प्रभार नहीं दिलाया गया. जबकि यह प्रभार तत्काल हो जाना चाहिए था. कार्यपालन यंत्री द्वारा प्रभार क्यों नहीं दिलाया जा रहा है इसको लेकर विभाग में कई प्रकार की चर्चाएं व्याप्त हैं.



## बस ऑपरेटर परमिट के लिए कमिश्नर कार्यालय में 17 को दे सकेंगे आपत्ति

**नर्मदापुरम।** सभी बस ऑपरेटर स्थायी बस परमिट के लिए 17 अप्रैल 2025 को लिखित में अपनी आपत्ति कमिश्नर कार्यालय नर्मदा पुरम में दे सकेंगे। बस ऑपरेटर स्वयं या अपने प्राधिकार वक्ता जिनके पास प्राधिकार पत्र वकालतनामा है उनके माध्यम से अपने लिखित आपत्ति 17 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक दे सकेंगे। इसके पश्चात आपत्ति प्रस्तुत करने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ओरिजिनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी आरटीओ में आयुक्त नर्मदापुरम संभाग को एकल सदस्य प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण में अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को प्राधिकार में सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। इस अथॉरिटी में आवेदनों पर गत 3 अप्रैल एवं 4 अप्रैल तथा 7 अप्रैल को सुनवाई की गई थी लेकिन इन 3 दिनों में बस ऑपरेटर ने जो आपत्ति दर्ज कराई थी उनमें से कई बिना अथॉरिटी के एवं अलिखित में आपत्ति दर्ज कराई गई थी।



## सौरभ शर्मा की जमानत पर भड़की कांग्रेस

**सिवनी मालवा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिवनी मालवा द्वारा मोहन यादव का पुतला दहन का प्रयास किया गया। आरोप लगाया कि बहुचर्चित परिवहन घोटाले के आरोपी सौरभ शर्मा की जमानत पर मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा आपत्ति नहीं ली गई जिसके कारण इतने बड़े आरोपी को लगभग एक माह के अन्दर जमानत मिल गई। सौरभ शर्मा की जमानत पर भाजपा सरकार द्वारा आपत्ति नहीं लिए जाने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिवनी मालवा ने स्थानीय गांधी चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने की कोशिश की गई। पुलिस ने छीना छपटी कर आग पर काबू पया। भाजपा सरकार के विरोध में नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विजय पटेल ने कहा कि सौरभ शर्मा की जमानत भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्टाचार को संरक्षित करने की राजनीति को उजागर करती है। लोकायुक्त 60 दिन में चालान पेश नहीं कर सकी, ऐसी संस्था किस काम की जो चालान नहीं पेश कर पाई।



## किन्नर मुन्ना मामा बनवाएंगे श्रीराम जानकी का मंदिर, हुआ भूमिपूजन

गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो



स्थानीय जीवजीपुर स्थित वेदांत आश्रम के प्रांगण में भव्य व दिव्य श्रीराम जानकी मंदिर का भूमिपूजन कर शिलालेख रखा गया। जिसका निर्माण आने वाले समय में शीघ्र ही संपन्न होगा। वेदांत आश्रम के महंत श्री हरिहर दास महाराज ने बताया कि श्रीराम जानकी मंदिर का निर्माण क्षेत्र के धार्मिक समाजसेवी किन्नर मुन्ना मामा नायक द्वारा कराया जा रहा है। महंत श्री हरिहर दास जी ने भव्य व दिव्य मंदिर की रूपरेखा के विषय में विस्तार से बताया ओर पूर्ण विधि विधान से मंत्रोचारण के साथ भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के शुभ अवसर पर प्रमुख रूप से किन्नर मुन्ना मामा के अलावा क्षेत्र के विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपा अध्यक्ष शशि यादव, वरिष्ट भाजपा नेता राजेश तिवारी , ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा सहित क्षेत्र के दर्जनों की संख्या में गणमान्य नागरिक व आश्रम के शिष्य व सदस्य उपस्थित थे।

### भव्यतम आलौकिक होगा श्रीराम मंदिर: डॉक्टर वेदांती

भव्य व दिव्य मंदिर के भूमिपूजन के शुभ अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने किन्नर मुन्ना मामा के द्वारा समाज सेवा में अग्रणी होने की बात कही। भव्य कार्यक्रम में आश्रम के संस्थापक डॉक्टर रामकमलाचार्य वेदांती महाराज ने दूरभाष के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि यह मंदिर बहुत ही भव्यतम व आलौकित होगा। डॉक्टर वेदांती ने कहा कि यह मंदिर अद्वितीय मंदिर होगा जो अपनी अध्यात्म ऊर्जा से संपूर्ण नगर ही नहीं अपितु आस पास के क्षेत्र के लोगो को अपनी और आकर्षित कर के भक्ति का संचार करेगा ।कार्यक्रम में सभी ने किन्नर मुन्ना मामा का फूल मालाओं से स्वागत किया।

### श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए दिए थे पांच लाख

ज्ञात हो कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने भव्य राष्ट्र मंदिर में किन्नर मुन्ना मामा ने श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए भी 5 लाख रुपए की राशि दी थी। साथ ही किन्नर मुन्ना मामा समय समय पर शहर की समाज सेवा व धार्मिक अनुष्ठानों में भी बढ़ चढकर हिस्सा लेते हैं व सहयोग करते हैं। बता दें कि वेदांत आश्रम का जो मुख्य द्वार का निर्माण हुआ है वह भी किन्नर मुन्ना मामा के द्वारा ही कराया गया है। भूमिपूजन के कार्यक्रम में किन्नर मुन्ना मामा ने कहा कि मेरे पास जो है मैने समाज से ही लिया है इसलिए मेरे से जितना होता है उसे समाजसेवा में ही लगाने का प्रयास करती हूं।

## नौलखी पर पाटोत्सव में भगवान का पुष्पों से सहस्त्रार्चन, लगा छप्पन भोग

■ हवन की पूर्णाहुति के साथ सात दिवसीय आयोजन का समापन

गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम पर चल रहे भगवान जगन्नाथ महाप्रभु और सीताराम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित हुए सात दिवसीय पाटोत्सव का सोमवार को हवन और कथा की पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। सातों दिन विभिन्न यजमानों द्वारा भगवान का विभिन्न दिव्य सुगंधित सामग्रियों से सहस्त्रार्चन किया गया। पाटोत्सव के समापन पर सोमवार को भगवान जगन्नाथ स्वामी को छप्पन भोग अर्पित किया गया। पाटोत्सव और कथा की पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आश्रम पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।



मालूम हो कि नौलखी आश्रम के जीणोंद्धार के बाद वहां भगवान जगन्नाथ स्वामी और भगवान सीताराम जी के नवीन विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा पिछले वर्ष धूमधाम के साथ हुई थी। भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के नवीन विग्रह उड़ीसा जगन्नाथपुरी से 1200 किलोमीटर की पदयात्रा के साथ श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ लाए गए थे। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज ने बताया कि भगवान की स्थापना पंचांग तिथि के अनुसार मनाई गई जिसमें भगवान का प्रतिदिन वैदिक ब्राह्मणों के मार्गदर्शन में विधि विधान के साथ यजमानों के द्वारा केसर, पुष्पों सहित अन्य दिव्य सुगंधित सामग्रियों से अभिषेक सहस्त्रार्चन किया गया। पाटोत्सव का आयोजन 1 अप्रैल मंगलवार से प्रारंभ हुआ था जिसका समापन 7 अप्रैल सोमवार को हवन यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। सहस्त्रार्चन के बाद आचार्य पंडित केशव शास्त्री द्वारा श्कथा का वाचन किया गया। रामनवमी पर भगवान रामलला के जन्मोत्सव पर यजमान नरेश गुप्ता द्वारा एवं सोमवार को समापन पर यजमान मनीष पाठक की ओर से भगवान जगन्नाथ स्वामी को छप्पन भोग अर्पित किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान : स्टॉप डैम के जीर्णोद्धार में किया श्रमदान

**नर्मदापुरम।** जल गंगा संवर्धन अभियान जो 30 मार्च से 30 जून 2025 तक संचालित किया जा रहा है, इसके माध्यम से जिले भर में जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवन की दिशा में जनसहभागिता से जल संरक्षण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहे हैं। तत्संबंध में आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत, माखननगर जनपद की ग्राम पंचायत शिवपुर में स्थित स्टॉप डैम के जीर्णोद्धार हेतु सामूहिक श्रमदान किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के संबंध में जागरूक किया गया एवं जल संसाधनों की सतत उपयोगिता से भी अवगत कराया गया। जल है तो कल है के संदेश के साथ स्थानीय नागरिकों ने श्रमदान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और डैम की सफाई एवं मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया।



**मेट्रो एंकर** धूमधाम से निकाले गए जवारे, मढ़ियाघाट में किए गए विर्सजन, उपासकों ने प्रसाद ग्रहण कर खोला अपना व्रत

# भव्य झाकियां सजाकर निकाली भगवान रामचंद्र की शोभायात्रा

तेन्दूखेड़ा! , दोपहर मेट्रो

चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर देवी मंदिरों में मन्नतों को लेकर स्थापित किए गए ज्योति कलश एवं जवारे का विर्सजन भक्तिभाव के साथ किया गया नगर के सभी देवी मंदिरों में रखे गए कलशों का विर्सजन भी देर शाम तक जारी रहा सोमवार को चैत्र नवरात्र के नौ दिन पूर्ण होने पर धूमधाम से बैंड बाजों के साथ जवारों का विसर्जन किया गया। नौंवें दिन सुबह से नगर की खेरापति माता मंदिर, देवी मंदिरों एवं देवी के दिवालों में हवन पूजन कर कन्याओं के पैर पखार कर कन्या भोज कराए गए। पंडित देवकरन तिवारी ने बताया कि माता सिद्धिदात्री का सच्चे मन से भक्ति भाव से पूजन करने पर अणिमा, महिमा, गरिमा, लंघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईष्वरत्व एवं वषित्व आदि आठ प्रकार की सिद्धियों की प्राप्ति होती है।

नवमी के दिन सुबह से ही मॉ आदिशक्ति के उपासक मातारानी के जवारों की विदाई की तैयारियों में लग गए थे। मंदिरों एवं मातारानी के दिवालों में हवन पूजन के बाद कन्या भोजन हुए उसके बाद शाम 4 बजे से दिवालों से जवारे बड़ी धूमधाम से बैंड बाजों के साथ नगर के मुख्य मार्गो से निकाले गए जिसमें माताएं बहिनें देवी मॉ की भक्तें गाती हुई एवं कुछ माताएं बहिनें सिर पर खप्पर रख कर भाव खेलती चल रहीं थी, जवारे नगर भ्रमण करते हुए मढ़ियाघाट पहुंचे जहां पूजन अर्चन कर जवारे विसर्जित किएया गया। उसके बाद सभी उपासकों ने अपने मातारानी का प्रसाद ग्रहण कर ब्रत खोले जवारे विर्सजन के बाद सभी जगह महाप्रसाद का वितरण किया गया





सोमवार को तेन्दूखेड़ा नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी पूरे नगर में भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया आराध्य देव प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव शहर के राममंदिर में और पंचवटी मंदिर में सुबह से ही विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया गया इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन भक्ति में सराबोर नजर आए हर आंखें प्रभु श्रीराम को निहार रही थी दरअसल चैत्र नवरात्र के पहले दिन से सम्पूर्ण नगर के मुख्य मार्गो को झंडा और छोटी छोटी झंडियो से भव्यता के साथ सजाया गया था। सोमवार की शाम 5 बजे धूमधाम के साथ रामनवमी के अवसर पर नगर के भगवान श्रीराम जी के मंदिर से बैंड गाजे बाजे एवं डीजे के साथ भगवान राम की सुंदर झाकियां वाहनो में सजाकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में युवाओ के द्वारा गगन भेदी जय श्रीराम के नारे लगाए जा रहे थे। पंचवटी सिद्धधाम में रात्रि में महाआरती का आयोजन किया गया इसके बाद भजन कीर्तन एवं खीर का प्रसाद वितरण किया गया।

### मैया की पहाड़ी की परिक्रमा एवं संत पूजन के बाद शुरू हुआ भंडारा

# महामाई दरबार में श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ पूर्णाहुति में उमड़े श्रद्धालु

### रासलीला में राधा संग कृष्ण ने खेली फूलों की होली






**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

महामाई माता के दरबार में विगत नौ दिनों से आयोजित हो रहे श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ की पूर्णाहुति महाआरती एवं कन्यापूजन भक्तिभाव के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुई। शाम छह बजे प्रांगण में आयोजित हो रही कृष्णलीला एवं पूर्णाहुति तथा आयोजित महाआरती तथा भंडारे के साक्षी बनने क्षेत्र हजारों की संख्या में श्रद्धालु मैया के दरबार में पहुंचे।

महामाई मैया दरबार के प्रधान पुजारी आचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा के सानिध्य में आयोजित हो रहे हवन की पूर्णाहुति के बाद महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें यजमानो सहित श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पूर्णाहुति के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक सौरभ सिंह,पूर्व में सागर लोकसभा के प्रभारी रहे प्रभदयाल पटेल तथा जिला महामंत्री बलबीर रघुवंशी ने भी सहभागिता कर पुण्य लाभ लिया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से माता महामाई की करीब एक किलोमीटर पहाड़ी की परिक्रमा भी की। परिक्रमा मार्ग में भगवा झंडे लेकर चल रहे श्रद्धालुगण माता रानी के जयकारे लगा रहे थे।

यज्ञशाला के समीप ही नौ कन्याओं को नौ देवियों के स्वरूप में सिंहासन पर विराजित किया गया था। सभी नौ देवियों के लिए पृथक पृथक सुंदर दरबार बनाए गए थे। यज्ञ की पूर्णाहुति उपरांत महामाई मंदिर की परिक्रमा उपरांत माता के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने आकर्षक श्रृंगार से सजी देवी के इन नौ रूपों के दर्शन भी किए। महामाई सेवा समिति द्वारा सम्पूर्ण परिसर की भव्य सजावट की गई थी।

#### नंदगांव के कुंवरकांत से वृषभान की लली ने खेली होली

महामाई मैया के दरबार में आयोजित हो रही रासलीला में बृज की प्रसिद्ध राधा कृष्ण की होली फाग की मनोहारी लीला की गई। लीला के दौरान कथा व्यास कृष्ण मुरारी महाराज ने श्रीबालकृष्ण की लीलाओं की संगीतमय प्रस्तुति दी।

वंशी वट पर यमुना के तट पर कान्हा संग रास रचाए,गोपी बनकर भोला आए गोपेश्वर कहलाए जैसी अनेक बृज भाषा के गीतों संग हुई लीला में ग्वाल बाल संग कृष्ण बलराम की अपनी मैया ओर गोपियों संग की अद्भुत ठिठोली की लीला ने श्रद्धालुओं को आनंदित किया।

बरसाने की मोर कुटी पे मोर बन आयो रसिया,आओ रसिया मोर बन आयो रसिया गीत पर कृष्ण ने सखियों संग बरसाने की मोर कुटी पर मनभावन मयूर नृत्य की प्रस्तुति दी। लीला में भगवान कृष्ण को गोपियों द्वारा होली खेलने के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा सहित समिति सदस्यों ने होली का फऊआ देकर ठाकुर जी को भेट समर्पित की। इसके उपरांत पर लट्ठमार और फूलों की होली खेली गई। इस दौरान बृज की गोपियों तथा समिति सदस्यों ने राधा और कृष्ण के स्वरूपों पर बरसाए गए फूलों को पांडाल में लीला का दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं पर बरसा कर होली का आनंद लिया।

#### कन्याभोज के साथ शुरू हुआ भंडारा

महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद माता के दरबार में आमंत्रित किए गए क्षेत्र के संत महात्माओं,ब्राह्मणों एवं कन्या भोज उपरांत विशाल भंडारा प्रारंभ हुआ। पूर्णाहुति के उपरांत महामाई सेवा समिति के संरक्षक उमाकांत शर्मा एवं सदस्यों ने सबसे पहले भंडारे स्थल पर प्रसादी ग्रहण करने के लिए आमंत्रित साधु संतों को मालपुए खीर,मगध कर लड्डू की प्रसादी परोसी। इसके बाद तिलक कर वस्त्र एवं दक्षिणा भेंट की। इनके बाद गांव गांव से मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए भंडारा शुरू हुआ। समरसता से परिपूर्ण भंडारा स्थल पर बने बीस गालों में कतारबद्ध पंक्ति में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। प्रसादी को परोसने के लिए प्रत्येक गाले में बीस कार्यकर्ताओं की टीम व्यवस्थित रूप से परोस कर रही थी। समिति द्वारा महिलाओं एवं पुरुषों के लिए पृथक पृथक बैठने की व्यस्था की गई थी। भंडारे में प्रसादी वितरण का यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया।

#### तुम भूल मत जइयो माता रानी के चरण की आराधना करते हुए 108 दीपों से हुई महाआरती

महामाई के दरबार में जनकल्याण के लिए आयोजित हो रहे श्री नवदुर्गा शतचंडी महायज्ञ हवन की पूर्णाहुति में मातारानी के भक्तगणों ने शामिल होकर आहुति दी। महामाई मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा के सानिध्य में हुए हवन की पूर्णाहुति के बाद 108 दीपों से मैया की महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमे वेदियों पर बैठे यजमानों सहित श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। संगीतमय आरती के उपरांत गुरुजी के मार्गदर्शन में सभी श्रद्धालुओं ने धूमधाम के साथ सामूहिक रूप से माता महामाई की पहाड़ी की परिक्रमा भी की। गाजे बाजे के साथ परिक्रमा मार्ग में भगवा झंडे लेकर चल रहे श्रद्धालु तुम भूल मत जइयो माता रानी के चरण गाते हुए एवं माता रानी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इसके पूर्व पहाड़ी पर विराजी माता महामाई को छप्पन भोग की प्रसादी भी अर्पित की गई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

## गांव के कुंए, बावड़ी और जल के स्रोतों की गई साफ-सफाई




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को क्षेत्र के आदर्श ग्राम बरेज में जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था सर्वधर्म जनकल्याण सेवा समिति एवं जन जागरण ग्राम विकास समिति थनरपुर के तत्वाधान में स्कूली विद्यार्थियों के साथ गांव में कलश यात्रा निकाली गई, जहां पर जल संरक्षण के नारे लगाए गए, इसके अलावा गांव के प्राचीन कुआ, बावड़ी आदि जल स्रोतों पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया साथ ही पूजा अर्चना कर ग्रामीणों को जागरुक कर ग्राम चैपाल लगाई गई। क्योंकि शासन ने 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया है। जिसका उद्देश्य है जल संरक्षण पर काम हो सके और लोगों को जल के प्रति जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर ग्राम चैपाल के दौरान संस्था प्रमुख प्रमोद रघुवंशी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में भूमिगत जलस्तर बढ़ाने हेतु तालाब निर्माण के साथ ही तालाबों और कुओं के गहरीकरण के कार्य किए जाना चाहिए। जिससे वर्षा के दौरान जल संग्रहण हो सकेगा एवं भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि एक समय था जब थोड़ी सी खुदाई पर जमीन से पानी निकल आता था आज सैकड़ो फीट नीचे तक खुदाई के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि हम बारिश का जल संरक्षित नहीं कर रहे हैं। बरसात के पानी का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है यह भू-जल स्तर वृद्धि में सहायक सिद्ध होगा। शासन के निर्देशानुसार जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान आज से चलाया जा रहा है जो 30 जून तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर पीएम श्री विद्यालय के प्राचार्य संतोष जैन, उपाध्याय देवी सिंह रघुवंशी, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष नवल सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### स्कूली विद्यार्थियों के साथ गांव में निकाली रैली, दिया जल संरक्षण का संदेश

## एसडीएम के निर्देश पर मुरवास थाना परिसर में कबाड़ मोटर साइकिलों की हुई नीलामी



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



लटेरी एसडीएम के निर्देश पर मुरवास थाना परिसर में एक विशेष नीलामी आयोजित की गई जिसमें कुल 9 कबाड़ मोटरसाइकिलों की बोली लगाई गई इस अवसर पर तहसीलदार जगन प्रसाद सौर ने नीलामी प्रक्रिया का संचालन किया और उपस्थित प्रतिभागियों को दिशा निर्देश दिए। इस नीलामी में कुल आठ कबाड़ियों ने भाग लिया और मोटरसाइकिलों की स्थिति के आधार पर उनकी कीमत का आकलन किया पहले बोली 45000 रुपए में सादिक कुरैशी के नाम रही। इस नीलामी के माध्यम से केवल कबाड़ का पूरा उपयोग सुनिश्चित हुआ बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी वही तहसीलदार जगन प्रसाद सौर ने कहा कि इस तरह की नीलामी से अनुपयोगी सामान का सही तरीके से निस्तारण होता है इसमें लोगों को सस्ती दरों पर आवश्यक सामग्री प्राप्त करने का अवसर मिलता है इस मौके पर नायब तहसीलदार भास्कर रघुवंशी,आरआई प्रमोद सक्सेना,थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा,सरपंच उमर खान चैधरी,पटवारी पल्लवी श्रीवास्तव, पुलिस स्टाफ सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।


### 1 से 15 अप्रैल तक विशेष वाहन चेकिंग अभियान

**सिरोंज।** लटेरी तहसील के ग्राम मुरवास थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक विशेष वाहन चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया है जिसमें टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों मैं नंबर प्लेट एवं लाइसेंस और बीमा फिटनेस नहीं होने पर चालानी कार्रवाई की जा रही है वही नाबालिक बालक बालिकाओं द्वारा वाहन चलाने की शिकायतें लगातार मिल रही है जिस पर नाबालिक बालक और बालिकाओं के परिजनों को बुलाकर समझाईश दी जा रही है अगर उसके बाद भी नहीं मानते हैं तो चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम पंचायत तिलोनी के सरपंच-सचिव ने लगाया सरकारी योजनाओं को पलीता, फर्जी बिलों से डकारी विकास के लिए प्राप्त होने वाली राशि

### सरपंच के परिवार और सचिव के खाते में ट्रांसफर की जा रही सरकारी राशि

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

लटेरी केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए राज्य वित्त और मनरेगा योजना के माध्यम से राशि उपलब्ध कराई जाती है। इस राशि को खर्च करने की गाइडलाइन भी सरकार द्वारा जारी की जाती है। पांच वें वित्त से प्राप्त राशि को वित्त आयोग की सिफारिशों के मुताबिक, ग्राम पंचायतों को साफ पानी स्वच्छता और सीसी नाली निर्माण में खर्च किया किया जा सकता हैं। लेकिन जनपद पंचायत लटेरी की ग्राम पंचायत तिलोनी सरपंच सचिव द्वारा इस राशि का दुरुपयोग मुरम वोल्डर रास्ता मरम्मत टैंकर मरम्मत कंप्यूटर मरम्मत साफ सफाई चुनाव के बिल लगाकर किया गया है। मुरम बोल्डर के नाम पर लाखों के विल लगाए गए हैं। मनरेगा योजना में भी जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण योजना पी एम आवास में मिलने वाली मजदूरी की राशि सरपंच सचिव द्वारा हितग्राहियों के खाते में न डालकर अपने चहते व्यक्तियों के खाते में डाल कर निकाली गई है।

#### अन्य व्यय के नाम पर निकाली गई लाखों की राशि

ग्राम पंचायत तिलोनी में अन्य व्यय के नाम पर लाखों की राशि निकाली गई है। ग्राम पंचायत तिलोनी में साफ सफाई के नाम पर इतनी राशि निकाली गई है कि इस राशि से ग्राम पंचायत में कई सीसी रोड़ बनाए जा सकते थे, टैंकरों की मरम्मत के नाम पर भी लाखों की राशि निकाली गई है इतनी राशि ने नए टैंकर आसानी से खरीदे जा सकते हैं। विधान सभा लोक सभा चुनाव चुनाव के नाम पर भी लाखों की राशि फर्जी तरीके से निकाली गई है। ग्राम पंचायत द्वारा मुरम बोल्डर के फर्जी विल लगाकर भी लाखों की राशि का आहरण किया गया। जबकि मुरम बोल्डर डालना नियम विरुद्ध कार्य है।

#### 25 हजार से ऊपर के निर्माण कार्य के लिए जरूरी है टीएसएएस

सरकारी नियमानुसार पच्चीस हजार से ऊपर के निर्माण कार्य के लिए जनपद से टेक्निकल स्वीकृति और और ग्राम पंचायत से प्रशासकीय स्वीकृति जारी करनी होती है, लेकिन ग्राम पंचायत तिलोनी में किसी भी मुरम बोल्डर वाले कार्य के लिए टी एस ए एस नहीं कराई गई है। इससे स्पष्ट जाहिर होता है कि कितने बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। ग्राम पंचायत द्वारा रास्ता मरम्मत के नाम पर लाखों के बिल लगाए गए हैं जबकि बिना टी एस ए एस के कोई भी भुगतान नहीं हो सकता है। लेकिन ग्राम पंचायत तिलोनी द्वारा सारे नियम कायदों को मानो ताक पर रख दिया है।

#### अपनों के खाते में डालकर डकार गए लाखों रुपए

ग्राम पंचायत तिलोनी में निकाली गई राशि के विल परिवार के सदस्यों के नाम और पंचायत सचिव के नाम से लगाए गए हैं, जबकि पंचायत राज्य अधिनियम के अनुसार सरपंच और सचिव के परिवार के सदस्यों के खातों में राशि डालना गैर कानूनी है। पंचायत दर्पण पोर्टल के अनुसार शिवराज यादव, रामराज यादव के नाम से लाखों की राशि का आहरण किया गया है, ये दोनो व्यक्ति सरपंच परिवार के सदस्य है। सचिव कन्हैया लाल शर्मा के नाम से भी नेट बैलेंस लाडली बहना योजना में खर्च के नाम पर राशि का आहरण किया गया है। ग्राम पंचायत तिलोनी द्वारा इस तरह फर्जी बिल लगाकर शासन को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर** लोगों की आस्था का केंद्र है दसौंदी का बलखंडन, खेरमाई के दरबार में होती है सभी की मनोकामना पूरी

## मनोकामना पूरी होने पर 40 डिग्री तापमान में बलखंडन माता दरबार दंड भरकर पहुंचे भक्त

### चैत्र नवरात्र की नवमी पर लगता है एक दिवसीय मेला दूरदराज से पहुंचते हैं मां बलखडंन के भक्त



**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

ब्लॉक की दिनारी ग्राम पंचायत के दसोंदी गांव में बलखंडन खेर माता विराजमान हैं। जहां चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि को श्रद्धालु उघारे होकर दंड भरते हुए माता के दरबार में पहुंचते हैं यह परंपरा सैकड़ों वर्ष से निभाई जा रही है। दसोंदी गाँव में प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्र की नवमी को एक दिवसीय विशाल मेले का आयोजन होता है सोमवार को यहां श्रद्धालु अपने गांव से दंड भरे हुए माता के दरबार तक पहुंचे। बता दें कि इस गांव में 90 प्रतिशत मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं जो इस दिन आयोजन को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग करते हैं।

तेंदूखेड़ा नगर से करीब 35 किमी दूर दसोदी गांव है यह तेंदूखेड़ा जनपद की दिनारी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। यहां बिराजी देवी को दसोंदी बाली खेरमाई के नाम से जाना जाता हैं जो दसोंदी सहित आसपास के ग्रामीणों के लिये अटूट आस्था का केंद्र हैं। प्रतिवर्ष इस गांव में चैत्र नवरात्र की नवमी को एक दिवसीय मेला भरता है। यहां पर भक्त चैत्र नवरात्र के पहले दिन से खेरमाई के नाम का घट अपने दिवाले पर रखते हैं और नवमी के दिन माता के चरणों मे समर्पित करते हैं। साथ ही । श्रीफल लेकर गृहग्राम से दंड भरकर देवी स्थान तक जाते हैं सोमवार को सैकड़ों भक्त एक साथ दंड भरते हुये दसोंदी कि खेरमाई की जय जयकार करते हुए पहुंचे।

ग्राम पंचायत दिनारी के सरपंच प्रतिनिधि भोजराज जैन ने बताया कि बलखंडन खेरमाई देवी स्थान उनकी पंचायत में आता है। एक वर्ष में नवमी के दिन यहां पर मेला भरता है लोगों में बलखंडन खेरमाई के प्रति ऐसी भक्ति और आस्था है कि भक्त 40-45 डिग्री तापमान में भी दंड भरते हुए दरवार पहुंचे हैं इस गांव में 90 प्रतिशत मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं जो पूरी आस्था के साथ इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करते हैं। इस तरह से खेरमाई स्थान तक जाने से लोगों के घर में सुख, शांति बनी रहती है, फसलों को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता और मांगी मन्नत पूरी होती है। यह आयोजन सैकड़ों वर्षो से होता आ रहा है जो और परंपरा के अनुसार, आज भी मनाया गया

ग्राम दसोंदी में विराजी बलखंडल तक पहुंचने के लिए लोग अपने ग्रह ग्राम से दंड भरते हुए माता के मंदिर को पहुंचते हैं। इसमें दूरी का कोई अनुमान नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि जैसे दसोदी गांव के लोग हैं तो वह अपने घर से ही दंड भरते हुए जाते - हैं और यदि कोई दूसरे गांव का है तो - उसको उसी गांव से दंड भरते हुए माता के स्थान पर जाना पड़ता है।

ऑरेंज कैप होल्डर पूरन और शार्दुल पर रहेगी नजर, हेड टु हेड में लखनऊ भारी

# डबल हेडर के पहले मैच में केकेआर और एलएसजी की आज होगी भिड़ंत

**कोलकाता, एजेंसी**




इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में आज डबल हेडर है यानी एक दिन में दो मैच। दिन का पहला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच होगा। मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में दोपहर 3ः30 बजे से शुरू होगा। इस सीजन में अब तक दोनों टीमें 4-4 मैच खेल चुकी है। दोनों को 2 में जीत और 2 में हार का सामना करना पड़ा है। आईपीएल में अभी तक कोलकाता और लखनऊ के बीच ईडन गार्डन्स में 2 मैच खेले गए हैं, जिसमें से दोनों को 1-1 में जीत मिली है। आखिरी मुकाबले में चयक्रको 2024 में जीत मिली थी।

## हेड टु हेड में लखनऊ आगे

हेड टु हेड में लखनऊ का पल?ा भारी है। अब तक आईपीएल में दोनों टीमों में कुल 5 मैच खेले गए है। 3 में लखनऊ और 2 में कोलकाता को जीत मिली है। जिसमें आखरी जीत कोलकाता को मई 2024 में मिली थी।

## अंगकृष रघुवंशी केकेआर के टॉप स्कोरर

इस सीजन में अभी तक केकेआर के 4 अलग-अलग खिलाड़ी टीम के लिए अर्धशतक लगा चुके हैं। वहीं बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 4 मैचों में कुल 128 रन बनाए हैं। उन्होंने आखरी मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली थी। उनके बाद दूसरे स्थान पर कप्तान अजिंक्य रहाणे 4 मैचों में कुल 123 रन बना चुके हैं। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 56 रनों की पारी खेली थी। गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती टॉप पर हैं। उन्होंने टीम के लिए 4 मैचों में कुल 6 विकेट झटके हैं। उन्होंने आखरी मैच में स्र्‍ा के खिलाफ 4 ओवर में 3 विकेट हासिल किए थे। वहीं गेंदबाज वैभव अरोरा भी 3 मैचों में 6 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ 29 रन देकर 3 विकेट हॉल लिया था।

## एलएसजी के निकोलस पूरन फॉर्म में

लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन ढ्ढक्क2025 में अब तक के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने शुरुआती 4 मैचों में 201 रन बनाएं है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 75 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली थी। उनके बाद बल्लेबाज मिचेल मार्श ने 4 मैचों में 184 रन बनाएं हैं। मार्श ने पहले मैच में छ्वष्ट के खिलाफ 76 रन की पारी खेली थी। रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किए गए शार्दुल ठाकुर लखनऊ के हाईएस्ट विकेटटेकर बन गए है। शार्दुल ने अब तक 4 मैच में 7 विकेट हासिल किए हैं। उन्होंने स्र्‍ा के खिलाफ 34 रन देकर 4 विकेट लिए थे। उनके बाद गेंदबाज दिग्वेश राठी 4 मैचों में 6 विकेट हासिल कर चुके हैं। उन्होंने दिल्ली के खिलाफ 2 विकेट लिए थे। ईडन गार्डन्स की पिच बल्लेबाजों के लिए काफी मददगार साबित होती हैं। हालांकि खेल आगे बढ़ने के साथ-साथ यहां स्पिनर्स को भी काफी मदद मिल सकती है। यहां अभी तक ढ्ढक्कके 95 मैच खेले गए हैं। 39 मैच में पहली इनिंग में बैटिंग करने वाली टीम और 56 में पहले चेज करने वाली टीम को जीत मिली है। मंगलवार को कोलकाता का मौसम गर्म रहेगा। यहां आज काफी धूप रहेगी। बारिश की बिल्कुल भी उम्मीद नहीं है। तापमान 25 से 34 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। हवा की रफ्तार 11 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी।

## पॉसिबल प्लेइंग- 12

कोलकाता नाइट राइडर्सः अजिंक्य रहाणे (कप्तान), सुनील नरेन, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसल, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, मोईन अली और वैभव अरो?ा।

लखनऊ सुपर जाएंट्सः ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), मिचेल मार्श, एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, डेविड मिलर, अब्दुल समद, शार्दुल ठाकुर, दिग्वेश सिंह, रवि बिश्नोई, आवेश खान और एम सिद्धार्थ।

खेलों के सकारात्मक माहौल के लिए हुई बैठक

# नगरीय निकायों में खेल विभाग के सहयोग से कम्युनिटी स्पोर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा: मंत्री सारंग



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

सहकारिता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में खेलों के उन्नयन हेतु प्रदेश के सभी महापौरों की बैठक ली। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से नगरीय निकायों में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने नगरीय निगम के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन सहित अनेक विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि नगरीय निकायों के पास पहले से मौजूद खेल मैदानों व अधोसंरचना का उन्नयन कर खेल गतिविधियों को गति दी जा सकती है। बैठक में नगरीय निकायों और खेल विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया ताकि राज्य भर में खेलों का व्यापक प्रसार और विकास सुनिश्चित किया जा सके। मंत्री सारंग ने कहा कि नगरीय निकायों में कम्युनिटी स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से विभिन्न पहल की जा सकती हैं। इसमें फिट इंडिया क्लब की स्थापना तथा सामुदायिक स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन प्रमुख है। उन्होंने उपस्थित सभी महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खेलों के उन्नयन हेतु क्षेत्र चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करें। इससे खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा मिलेगा और स्वस्थ एवं सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकेंगे।

हर जिले में फिट इंडिया क्लब, हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा आधुनिक खेल परिसरः बैठक के दौरान नगरीय निकायों में फिट इंडिया क्लब की स्थापना तथा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बहुउद्देशीय खेल परिसर के निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री सारंग ने बताया कि भोपाल में प्रदेश का पहला फिट इंडिया क्लब स्थापित किया गया है जिसका द्वितीय चरण वर्तमान में निर्माणाधीन है। इसी मॉडल को अपनाते हुए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सर्वसुविधायुक्त फिट इंडिया क्लब स्थापित किए जाएंगे। इन क्लबों में बच्चों युवाओं वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन क्लबों की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान कर शीघ्र प्रस्ताव भेजें। मंत्री सारंग ने यह उल्लेख किया कि देश में पहली बार प्रदेश सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में खेल परिसरों के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है।

# चैंपियंस लीग फुटबॉल : क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में मैनचेस्टर सिटी 3-3 से बराबरी पर

**मैड्रिड, एजेंसी**

फेडरिको वाल्वरेड ने 79वें मिनट शानदार गोल करके बुधवार को यहां खेले गए चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में रियाल मैड्रिड को मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ हार से बचाया। आखिर में यह मुकाबला 3-3 से ड्रॉ रहा। इस टूर्नामेंट का दूसरा लेग 18 अप्रेल को खेला जाएगा। मैनचेस्टर सिटी की टीम 3-2 से आगे चल रही थी लेकिन फेडरिको के गोल से रियाल मैड्रिड स्कोर बराबर करने में सफल रही। बता दें रियाल मैड्रिड को पहला गोल तोहफे में मिला, जब मैनचेस्टर सिटी के रुबेन डियास ने 12वें मिनट में आत्मघाती गोल कर दिया। लेकिन मैच में कई मौके गंवाने के कारण टीम को जीत नसीब नहीं हुई। वहीं आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने चैंपियंस लीग के सभी अंतिम-8 मैचों के पहले चरण को निशाना बनाने की धमकी दी थी। ऐसे में सैंटियागो बर्नब्यू में मुकाबला कड़ी सुरक्षा के बीच खेल गया। स्पेनिश अधिकारियों के मुताबिक, दो हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी और मुकाबला बिना किसी व्यवधान के खेला गया।



तीसरी अस्मिता हॉकी महिला सब-जूनियर लीग 2025 फाइनल फेस में

# खेल अकादमी की महिला हॉकी टीम बनी उप विजेता




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

तीसरी अस्मिता हॉकी महिला सब-जूनियर लीग 2025 का आयोजन दिल्ली में किया गया। दिल्ली में आयोजित इस फायनल लीग में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी, ग्वालियर की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। इस फायनल फेस में म.प्र राज्य महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर की टीम को राशि 3 लाख की राशि से पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर भारतीय खेल प्राधिकरण शक्ति की टीम रही। उपविजेता रही म.प्र.खेल महिला हॉकी अकादमी, ग्वालियर की टीम के सभी खिलाड़ियों को प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी है।

**ऐसे रहे परिणाम :** पहला मुकाबले में प्रितम स्विच ने म.प्र. हॉकी अकादमी, ग्वालियर को स्कोर 4-0 से परास्त। द्वितीय मुकाबले में भारतीय खेल प्राधिकरण ने म.प्र. हॉकी अकादमी, ग्वालियर को स्कोर 3-1 से परास्त। तृतीय मुकाबले में नवल टाटा ओडीसा ने म.प्र. हॉकी अकादमी, ग्वालियर को स्कोर 2-1 से परास्त। चौथे मुकाबले में अनंतपुर ने म.प्र. हॉकी अकादमी ग्वालियर को स्कोर 10-1 से परास्त। पांचवें मुकाबले में म.प्र. हॉकी अकादमी, ग्वालियर ने भारतीय खेल प्राधिकरण शक्ति को स्कोर 2-1 से परास्त। छठवें मुकाबले में भारतीय खेल प्राधिकरण शक्ति ने म.प्र. हॉकी अकादमी, ग्वालियर को स्कोर 2-1 से परास्त।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# फिल्म 'कभी हां कभी ना' की एक्ट्रेस सुचित्रा कृष्णमूर्ति बोलीं- फेम से परेशान हो गई थी...

फिल्म 'कभी हां कभी ना' की रिलीज को 29 साल हो चुके हैं। साल 1994 को रिलीज हुई इस फिल्म में शाहरुख खान और सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने काम किया था। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में सुचित्रा ने कहा कि वो अब शाहरुख के बारे में बात करते-करते थक गई हैं। दरअसल, जब सुचित्रा से सवाल किया गया कि क्या उन्हें कभी लगा था कि शाहरुख इतने बड़े स्टार बन जाएंगे? इस पर जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने कहा- बेशक, ये बात हर कोई जानता था कि वो कामयब होंगे। ये उनकी किस्मत में था, लेकिन अब मैं ऐसे सवालों का जवाब देते-देते थक गई हूं। हालांकि मैं इन सवालों से बच भी नहीं सकती, मगर अब और नहीं होता। सुचित्रा ने बताया कि इंडस्ट्री में एक एक्ट्रेस के रूप में वो फेम को कैसे हैंडल करती हैं। इस पर उन्होंने कहा- यही वो चीज है, जिसको मैं अपने प्रोफेशन में सबसे कम एन्जॉय करती आई हूं। ये मुझे इंटरफेरेंस जैसा लगता है। अगर मुझे अच्छा काम करने और वर्कप्लेस के बाहर गुमनाम रहने का कोई तरीका मिल जाए तो ये मेरे लिए वाकई अच्छा होगा। लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं है। यहां जो दिखता है, वही बिकता है। इस फिल्म को शाहरुख के करियर की बेहतरीन फिल्मों में गिना जाता है। इस फिल्म का डायरेक्शन कुंदन शाह ने किया था। फिल्म को विक्रम मेहरोत्रा ने प्रोड्यूस किया था। पिछले साल यह खबरें थीं कि शाहरुख समेत कई मेकर्स फिल्म के मेकिंग राइट्स खरीदने की कोशिश में लगे थे। वहीं कुछ रिपोर्ट्स ऐसी भी सामने आई कि शाहरुख की कंपनी रेड चिलीज इस फिल्म प्लॉट लाइन पर वेब सीरीज बनाने की प्लानिंग कर रही है। इस वेब सीरीज को शाहरुख केवल प्रोड्यूस करेंगे। इसमें यंग एक्टर्स को लिया जाएगा लेकिन फिर इस बारे में कोई खबर सामने नहीं आई।



# 'काम चालू है' में बेटी के लिए इंसाफ मांगते नजर आए राजपाल यादव



राजपाल यादव ने हिंदी सिनेमा में बतौर कॉमेडी कलाकार खुद को स्थापित किया है। अब तक फिल्मों में अपनी अलग-अलग भूमिकाओं से वह दर्शकों को हंसाते नजर आए हैं। हालांकि, कई बार राजपाल कह चुके हैं कि उन्हें खुद को कॉमेडी कलाकार कहलवाना पसंद नहीं है। बहुत संभव है कि उनकी आगामी फिल्म 'काम चालू है' देखने के बाद दर्शक उन्हें सिर्फ कॉमेडी अभिनेता कहना बंद कर दें। ऐसा हम क्यों कह रहे हैं, वह आप इस फिल्म का ट्रेलर देखकर समझ सकते हैं, जो आज जारी हो चुका है। फिल्म 'काम चालू है' में राजपाल यादव गंभीर भूमिका में नजर आ रहे हैं। वह एक ऐसे पिता का किरदार अदा कर कर रहे हैं, जो अपनी जान से प्यारी बेटी का शव कंधों पर ढोता है और फिर उसके इंसाफ की लड़ाई लड़ता है। ट्रेलर में वह इस भूमिका के साथ न्याय करते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे 19 अप्रैल को जी5 पर देखा जा सकेगा। इस फिल्म में अभिनेत्री जिया मानेक भी नजर आएंगी। पर्दे पर पहली बार राजपाल यादव और जिया मानेक की जोड़ी बन रही है। जिया फिल्म में राजपाल की पत्नी का किरदार निभा रही हैं। कुरंगी नागराज भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। वह राजपाल यादव की बेटी की भूमिका में हैं। फिल्म का निर्माण बेसलाइन स्टूडियोज और पाल म्यूजिक एंड फिल्म्स ने मिलकर किया है। फिल्म के निर्देशन का जिम्मा पलाश मुच्छल ने संभाला है। राजपाल यादव फिल्म में मनोज पाटिल के रूप में दिखाई देंगे। राजपाल यादव एक ऐसे पिता की भूमिका में हैं, जो अपनी बेटी को बहुत कम्र उम्र में खो देता है। बेटी की जान सड़क के गड्ढों की वजह से जाती है। वह बेटी के न्याय के लिए प्रशासन से लड़ता है और फिर खुद सड़क के गड्ढों को भरने निकल पड़ता है। राजपाल यादव के चेहरे पर एक बेबस पिता के भाव साफ देखे जा सकते हैं। हास्य भूमिकाओं से अचानक गंभीर भूमिका में अभिनेता को देखना दर्शकों के लिए भी एक अलग अनुभव होगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो इससे पहले राजपाल यादव को फिल्म 'अपूर्वा' में देखा गया था। इसमें भी उनके अभिनय की खूब तारीफ हुई।

# अमृता राव ने 11 साल में दीं चार हिट फिल्में, अजय देवगन के साथ भी नहीं चली जोड़ी

*एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में फेम पाना और सक्सेसफुल होना आसान नहीं है. खासकर तब जब आपका इंडस्ट्री से कोई ताल्लुक ना हो. एक ऐसी ही एक्ट्रेस हैं जिन्होंने इंडस्ट्री में कुछ हिट देने के बाद भी अपनी जगह बना ली थी लेकिन बाद में एक्टिंग की दुनिया क अलविदा कह दिया और अब भी लग्जीरियल लाइफ जी रहे हैं. आज हम आपको ऐसी ही एक एक्ट्रेस के बारे में बताते हैं जिन्होंने अपने करियर में सिर्फ 4 ही हिट फिल्में दी हैं...*



हम बात कर रहे हैं एक्ट्रेस अमृता राव की जिन्होंने शाहरुख खान से लेकर अजय देवगन तक कई बड़े सितारों के साथ काम कर चुकी हैं. मगर फिर भी हर किसी के साथ उनकी जोड़ी नहीं चल पाई थी. हम बात कर रहे हैं अमृता राव की. अमृता ने शादी के बाद एक्टिंग को अलविदा कह दिया था. उन्होंने अपनी शादी में सिर्फ 1.5 लाख खर्च किया था.

## डेब्यू फिल्म हुई थी फ्लॉप

अमृता राव ने बॉलीवुड में आर्या बब्बर के साथ फिल्म अब के बरस से डेब्यू किया था. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी लेकिन अमृता की एक्टिंग की ऑडियन्स और क्रिटिक ने काफी तारीफ हुई थी. अमृता की दूसरी ही फिल्म में अजय देवगन के साथ जोड़ी बनी थी. उन्होंने 'द लेजेंड ऑफ भगत सिंह' में अजय के साथ काम किया था. उसके बाद अमृता मस्ती में विवेक ओबेरॉय के साथ नजर आई थीं।

## खान की फिल्म से मिला फेम

*अमृता राव ने शाहरुख खान के साथ फिल्म मैं हूं ना में काम किया था. इस फिल्म में उनके साथ सुष्मिता सेन भी नजर आईं. 'मैं हूं ना' के बाद से अमृता फेमस हो गई थीं. हालांकि उसके बाद उनकी लगातार चार फिल्में फ्लॉप हुई थी ।*

## 'विवाह' हुई हिट

*शाहिद कपूर और अमृता राव की 2006 में फिल्म विवाह आई थीं. ये फिल्म क्लट क्लालिस रही. आज भी लोगों को ये फिल्म बहुत पसंद है. हालांकि विवाह के बाद अमृता की लगातार 6 फिल्में फ्लॉप और एक एवरेज रही. उनकी आखिरी हिट फिल्म जॉली एलएलबी थी. अमृता ने आरजे अनमोल से शादी की है. शादी के बाद अमृता ने एक्टिंग से अलविदा कह दिया है।*

## महिला ने जहर पीकर दी जान



**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित द्वारिका नगर में एक महिला ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गीता वशिष्ठ पति हरि सिंह (45) उत्तराखंड की थी। गीता यहां परिवार के साथ रहती थी। परिवार में पति के अलावा एक बेटा और बेटी है। पति कपड़ों की दुकान पर काम करते है। सब इंस्पेक्टर जय नारायण रघुवंशी ने बताया कि रविवार को सुबह उठने के बाद गीता ने पूजा- पाठ की थी। इसके बाद नाश्ता बनाया। दोपहर 12 बजे वह घर से निकली और कुछ देर बाद घर लौट आई। घर आने पर उसे उल्टियां होने लगी। उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने इलाज किया। डॉक्टर ने बताया कि गीता ने कोई जहरीला पदार्थ पिया है। अस्पताल की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन तब तक गीता की मौत हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि परिजन अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। बयान के बाद ही आत्महत्या के कारण पता चल सकेंगे।

## भारत टॉकीज के पास मोबाइल झपटने वाला युवक गिरफ्तार

**भोपाल।** मंगलवार थाना क्षेत्र स्थित भारत टॉकीज के पास रविवार सुबह युवक से मोबाइल झपटने वाले बाइक सवार को





गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी से झपटा गया मोबाइल जब्त किया गया है। उस पर पूर्व दो अपराध दर्ज है। आरोपी से इलाके में हुई अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।अपने दो नाबालिग साथियों के साथ झपटा था मोबाइल थाना प्रभारी अजय सोनी ने बताया कि विशेष अहिरवार पिता करन सिंह अहिरवार (18) विदिशा जिले का रहने वाला है। हाल ही में वह गोपाल नगर, आंनद नगर, पिपलानी में रह रहा है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार 6 अप्रेल को वह अपनी नानी के घर सांची जा रहा था। ई रिक्शा से भारत टॉकीज के पास चौराहा पर उतरा और पैदल रेलवे स्टेशन जा रहा था, तभी डबल फाटक चौराहा के पास सुबह करीब 11 बजे एक बाइक पर आए तीन लड़कों ने उसका मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 18 हजार रुपए थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज आरोपियों की तलाश की। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे। इसके अलावा मुखबिर तंत्र भी सक्रिय किया। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की मदद से पुलिस ने पुष्पा अपार्टमेंट भारत टाकीज ब्रिज के नीचे से मुख्य आरोपी सद्दाम शेख व उसके दो नाबालिक साथियों को पकड़ लिया। आरोपी सद्दाम से झपटा गया मोबाइल और झपटमारी में इस्तेमाल बाइक बरामद की गई है। मिर्गी के दौरे से पुलिस परेशान आरोपी सद्दाम शेख पर पूर्व में दो आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही थी। इस दौरान उसे तीन बार मिर्गी के दौरे आ गए। मिर्गी का दौरा आने से पुलिस के हाथ पैर फूल गए।

## एकांत पार्क में मॉर्निंग वॉक पर गई महिला से छेड़छाड़

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित चार इमली के पास एकांत पार्क में मॉर्निंग वॉक पर गई महिला से छेड़छाड़ का मामला



सामने आया है। घटना गत शनिवार सुबह छह बजे के आसपास की है। मंत्री के निज स्टाफ में पदस्थ पति को महिला ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद हबीबगंज थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी मनचले की तलाश कर रही है।मंत्री के निज स्टाफ में पति हैं पदस्थ, हबीबगंज पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण पुलिस के अनुसार 48 साल की महिला थाना क्षेत्र में रहती हैं। उनके पति मंत्री के निज स्टाफ में पदस्थ हैं। महिला ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह वह एकांत पार्क गई थी।

### चाकू से बाइक का मास्क तोड़ रहे बदमाशों को रोका तो हुआ खूनी विवाद

# युवक की हत्या, पिता-भाई पर चाकू से वार हिरासत में 1 आरोपी, दूसरे की तलाश जारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित प्रीत नगर कॉलोनी में रविवार रात दो बदमाशों ने युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। उसे बचाने के प्रयास में पिता और भाई भी चाकू लगने से घायल हुए है। दरअसल, बिना किसी वजह के हत्यारे मृतक की बाइक का मास्क चाकू से तोड़ रहे थे। बाइक तोड़ने से मना किया तो वह भड़क गए और युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने एक हत्यारे को हिरासत में ले लिया है, जबकि उसके साथी की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार विक्की कुशवाह पिता नन्हूलाल कुशवाह (25) बस स्टैंड के पीछे सीहोर में रहता है और ड्राइवरी करता है। रविवार को वह परिवार के साथ रामनवमी मनाने प्रीत नगर छोला आया था। वह घर पर था, तभी रात करीब साढ़े 9 उसका बेटे विधान ने बताया कि पापा बाहर अपनी बाइक को दो लोग बड़े से चाकू से तोड़ रहे है। विक्की नीचे बाइक के पास आया तो दो युवक बाइक का मास्क बड़े से चाकू से



तोड़ रहे थे। विक्की ने कहा कि बाइक उसकी है और क्यों तोड़ रहे हो। इस पर आरोपी भड़क गए।

विक्की का कहना था कि तुम्हारी बाइक से क्या दुश्मनी है और क्यों तोड़ रहे हो। इस पर आरोपी उसके पीछे चाकू लेकर दौड़े। वह चाकू के हमले से बचने के लिए भागा। बावजूद इसके आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू उसके हाथ पर लगा और अंगूठे कट गया। उसे बचाने पिता नन्हूलाल पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी चाकू से हमला किया। चाकू से बचने हाथ आगे बढ़ाने पर उनकी बांए हाथ की अंगुली कटी है।

### बीच बचाव में आए बड़े भाई की कर दी हत्या

छोटे भाई और पिता पर हमला होता देख विक्की का बड़ा भाई 32 साल का कमल कुशवाह पहुंचा था। आरोपियों ने कमल को देखा और कहने लगे कि आज तो इसको जान से खत्म कर देते हैं। यह कहते ही आरोपी चाकू से कमल के सीने पर हमला कर दिया। सीने पर चाकू लगने से कमल गिर गया। आरोपी उस पर दौबारा हमला करते इससे पूर्व मोहल्ले में रहने वाले लोग आ गए। सीने में चाकू लगने से कमल के सीने से अत्यधिक खून बहने लगा था। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। कमल पेंटर का काम करता था। कमल की चार साल पहले ही शादी हुई थी और मासूम बेटी है।

### मोहल्ले में ही रहते हैं हत्यारे

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि कमल की हत्या करने वाले आरोपी युवराज और करण लोधी मोहल्ले में ही रहते हैं। वह आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। पुलिस ने आरोपियों में युवराज को हिरासत में ले लिया है। करण लोधी की तलाश की जा रही है।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, सड़क किनारे मिली

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित हबीबगंज नाका पुलिया के पास सड़क किनारे से एक युवक का शव बरामद किया गया। युवक के माथे पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने हत्या की बात से इंकार किया है। उनका कहना है कि यह निशान गिरने के है। दरअसल, मृतक को पूर्व में एक बार हार्ट अटैक आ चुका था और कल भी वह अपने घर के पास गिर गया था। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि हबीबगंज नाका के पास पुलिया पर सड़क किनारे किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक की पहचान 45 साल का सुरेश फरकले पिता सेवकराम फरकले (बलाई) 12-नंबर मल्टी हबीबगंज के रूप में की गई। पुलिस ने परिजन से संपर्क किया और कुछ देर बाद उसे पिता सेवकराम मौके पर पहुंच गए थे। पिता ने बताया कि बेटा प्राइवेट काम करता था। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। मामले की जांच कर रहे एएसआई सिरोमणि सिंह ने बताया कि मृतक को पूर्व में एक बार हार्ट अटैक आ चुका है। पिता से पूछताछ में पता चला कि रविवार को भी वह घर के बाहर गिर गया था। सुरेश के सिर पर माथे के पास चोट के निशान मिले है।

## एक महिला समेत दो तस्करों से 13 किलो गांजा बरामद, उड़ीसा से लाकर बेच रहे थे

**एमपी नगर और गोविंदपुरा थाना क्षेत्रों में की छापेमारी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

क्राइम ब्रांच पुलिस ने रविवार को गोविंदपुरा और एमपी नगर थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थो के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला और एक युवक को गिरफ्तार कर कुल 13 किलो 280 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों अलग-अलग मामलों में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। बरामद गांजे की कीमत दो लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक विगत 6 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि कस्तूरबा अस्पताल के सामने सब्जी मंडी टीन शेड गोविंदपुरा इलाके में एक लडका पिट्ठू बैग लटकाए खड़ा है। बैग में गांजा है और वह गांजा खपाने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंच गई और सब्जी मंडी शेड के पास से मुखबिर के बताए हुलिए वाले लडके को हिरासत में ले



लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम गणेश यादव (18) निवासी छावनी पठार आनंद नगर, होना बताया। उसके पीठ पर लटके पिट्ठू की तलाशी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजे के तीन पैकेट बरामद हुए। तीनों पैकेट में रखे गांजे का कुल वजन पांच किलो 740 ग्राम निकला। आरोपी की जेब से मोबाइल भी बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

### पेड़ के नीचे बैठी मिली महिला तस्कर

दूसरे मामले में विगत छह अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच की टीम ने सुभाष नगर ब्रिज के पास बंद पेट्रोल पंप एमपी नगर के पास पेड़ के नीचे बैठी एक संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया। महिला के पास एक थैला था। महिला आरक्षक ने उक्त महिला और उसके पास रखे बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैग से चार पैकेट बरामद हुए। जांच करने पर पैकेट में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला। तौलने पर गांजे का कुल वजन 7 किलो 540 ग्राम निकला। पूछताछ में आरोपी महिला ने तनु संकत (18) निवासी बजरंग चौराहा गंज मोहल्ला सीहोर, ने अवैध गांजे की तस्करी करना कुबूल किया। हिरासत में लेकर महिला से पूछताछ की जा रही है ।

## बीएसएनएल के रिटायर्ड कर्मचारी के घर चोरों का धावा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार इलाके में रहने वाले बीएसएनएल के एक रिटायर्ड कर्मचारी के घर बदमाशों ने धावा बोला और 70 हजार रुपए नकदी तथा जेवरात समेत लाखों का सामान चोरी कर ले गए। बदमाशों ने उसी कालोनी के एक अन्य मकान पर भी धावा बोला था, लेकिन पड़ोसियों के जाग जाने के कारण वह भाग निकले। कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में चार बदमाश दिखाई दिए हैं, जिनकी हुलिए के आधार पर तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार पवन कुमार खरे (60) रायल विला सनखेड़ी कोलार रोड पर रहते हैं और बीएसएनएल के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। पिछले दिनों वह अष्टमी की पूजा के लिए तहसील पटेरा जिला दमोह चले गए थे।

अगले दिन सूचना मिली कि

**70 हजार नकदी और जेवरात चोरी**

उनके मकान का ताला टूटा हुआ है। घर पहुंचकर देखा तो मेन गेट का ताला टूटा मिला और कमरों में रखी अलमारियों के ताले भी टूटे थे। घर का पूरा सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर मां के कमरे में रखी अलमारी से 70 हजार रुपए नकद, हाथ घड़ी, सोने-चांदी के जेवरात समेत लाखों रुपये कीमत का सामान गायब था। कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक करने पर रात ढाई बजे से सवा तीन बजे के बीच चार बदमाश घर से वारदात कर बाहर निकलते हुए दिखाई दिए हैं। इन्हीं बदमाशों ने पड़ोस में रहने वाले सोनीजी के मकान पर भी धावा बोला था, लेकिन पड़ोसियों की नींद खुलने के कारण वहां से कोई सामान चोरी कर नहीं ले जा पाए थे।

**मेट्रो एंकर** तीन नाबालिगों ने युवक के साथ मिलकर बनाई गैंग, पांच लाख का माल जब्त


# गिरोह का सरगना निकला मास्टर माइंड योजना बनाकर वारदात को देते थे अंजाम

**बीस दिन पूर्व भी हो चुका था नकबजनी की वारदात में गिरफ्तार**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रातीबड़ पुलिस ने तीन बालअपचारी और एक युवक को गिरफ्तार कर उनके पास से पांच लाख रुपए का माल बरामद किया है। गैंग का सरगना नाबालिग था और वहीं योजना बनाकर गिरोह के साथ नकबजनी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। गिरोह का सरगना बालअचारी पूर्व में भी अन्य थाना क्षेत्रों में नकबजनी की वारदात में गिरफ्तार हो चुका है।

पुलिस के अनुसार 5 अप्रैल के दिन रातीबड़ क्षेत्र में रहने वाले



केसकली मिश्रा के घर दिनदहाड़े नकबजनी की वारदात हुई थी। उन्होंने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात बदमाश उनके घर से सोने-चांदी और हीरे के गहने चुराकर ले गए है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया और घटनास्थल समेत इलाके में लगे करीब साढ़े चार सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे। फुटेज में पुलिस को कुछ संदिग्ध नजर आए। संदिग्धों की पहचान के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर गैंग को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में तीन बालअपचारी है, जबकि बालिग आरोपी की पहचान विक्रम साहू (25) शबरी नगर के रूप में की गई।

### रैकी के बाद दिन में ही करते थे वारदात

गिरोह से पूछताछ में पता चला कि वह दिन में ही रैकी करते थे। जिन घरों में ताले लगे होते थे उन घरों के ताले दिन में ही तोड़कर वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने- चांदी और हीरे के गहने समेत एक बाइक और चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए हैं।

## एमबीए की छात्रा से बी फार्मा के स्टूडेंट ने किया दुष्कर्म

**लिव इन रिलेशन में रहने के बाद शादी से मुकरा**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र में एमबीए की छात्रा से बी फार्मा के छात्र द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। करीब तीन साल तक रिलेशन में रहने के बाद आरोपी छात्र शादी से मुकर गया है। वह कहने लगा कि तुम छोटी जाति की हो परिवार शादी के लिए तैयार नहीं है।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी छात्र के खिलाफ बलात्कार और दैहिक शोषण समेत एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 24 साल की छात्रा मूलतः विदिशा जिला की रहने वाली है। वह सेड्युल कास्ट की है। वर्ष 2020 में वह एमबीए की पढ़ाई करने भोपाल आई थी। पढ़ाई के साथ साथ वह हेल्थ केयर सेंटर में नौकरी करती थी।



पीड़िता ने बताया कि सोशल मीडिया पर उसकी दोस्ती दीपांशु चौरसिया से हुई थी। दीपांशु ग्वालियर का रहने वाला है और कोलार में किराए से रहकर बीफार्मा की पढ़ाई कर रहा है। सोशल मीडिया पर बातचीत होने से दोनों में दोस्ती हो गई। तजून 2022 में पहली बार आरोपी दीपांशु छात्रा से मिलने उसके रूम पर पहुंचा और शादी का प्रलोभन देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान छात्रा ने बताया था कि वह सेड्युल कास्ट की है। लिव इन रिलेशन में रहे एक साल छात्रा ने पुलिस को बताया कि फरवरी 2022 से अगस्त 2023 तक दीपांशु उसके साथ लिव इन रिलेशन में भी रहा।

## फोटोग्राफर रविंद्र का आकस्मिक निधन



**भोपाल।** राजधानी के प्रेस फोटोग्राफर रविंद्र सिंह का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग पचपन वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार आज किया जा रहा है। सिंह के निधन पर राजधानी के प्रेस फोटोग्राफर्स और सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र के कई लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविन्दर सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

वहीं सागर निवासी प्रसिद्ध लोक नृत्य कलाकार राम सहाय पांडे का निधन हो गया है। उन्हें सरकार ने पद्मश्री सम्मान से भी नवाजा था। मुख्यमंत्री ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पांडे ने राई लोक नृत्य को पहचान दिलाई थी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022